



सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

**आवश्यकता है**
**मीडिया हाउस**
में काम करने के लिए
ऑफिस बॉय की जरूरत है।
(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659

वर्ष- 14 अंक - 331 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 13 सितंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास - खबर



### IAF हुआ और ताकतवर, भारत को मिला पहला C-295 विमान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत की हवाई ताकत में और इजाफा होने जा रहा है। स्पेन से जल्द ही पहला C-295 सैन्य विमान भारत में लैंड होने वाला है। खबर है कि भारतीय वायुसेना के प्रमुख विमान लेने लिए स्पेन पहुंच चुके हैं। बीते साल सितंबर में भारत ने एयरबस डिफेंस एंड स्पेस से 56 C-295 विमानों की डील की थी, जो Avro-748 विमानों की जगह लेगा।

खास बात है कि स्पेन से भारत को 16 C-295 विमान मिलेंगे। जबकि, बचे 40 विमानों का उत्पादन गुजरात के वडोदरा में किया जाएगा। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरबेस पर 25 सितंबर को विमान लैंड कर सकता है। भारत ने यह डील 21 हजार करोड़ रुपये में की थी। समझौते के तहत 4 सालों में 16 विमान दिए जाने हैं।

अधिकारियों ने जानकारी दी है कि भारत को दूसरा C-295 विमान मई 2024 तक मिल जाएगा। वहीं, सभी 16 विमानों भारतीय वायुसेना को अगस्त 2025 तक मिल जाएंगे। इधर, भारत में ही तैयार होने जा रहा पहला स्वदेशी विमान सितंबर 2026 तक मिलेगा और अन्य 39 विमान अगस्त 2031 तक मिलने के आसार हैं।

पीएम मोदी ने बीते साल 30 अक्टूबर को निर्माण संयंत्र का शिलान्यास किया था। यहां टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड और एयरबस डिफेंस एंड स्पेस एस.ए C-295 विमान तैयार करेंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, 'यह अपनी तरह की पहली परियोजना है जिसमें एक निजी कंपनी द्वारा भारत में एक सैन्य विमान का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना की कुल लागत 21,935 करोड़ रुपये है। इस विमान का इस्तेमाल नागरिक उद्देश्यों के लिए भी किया जा सकता है।'

#### विमान की खासियत

रक्षा मंत्रालय ने बताया था कि 5-10 टन क्षमता वाला यह परिवहन विमान कई स्थितियों में अलग-अलग मिशनों को अंजाम दे सकता है। इसमें 11 घंटे तक उड़ान भरने के साथ-साथ कम जगह पर टेक ऑफलैंडिंग की विशेषता भी है। खास बात है कि यह नियमित रूप से रेगिस्तान से समुद्री वातावरण तक में दिन के साथ-साथ रात के युद्ध अभियानों को संचालित कर सकता है।

### कांग्रेस का रेल रोको आंदोलन शुरू, बिलासपुर में मालगाड़ियां रोकी, जमकर की नारेबाजी

**बिलासपुर ।** छत्तीसगढ़ में ट्रेनों को रद्द करने लेकर बुधवार को कांग्रेस का प्रदेश भर में रेल रोको आंदोलन शुरू हुआ। बिलासपुर जिले के करगी रोड कोटा स्टेशन में सुबह पांच बजे से सात बजे तक मालगाड़ियों को रोककर कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।


कांग्रेस नेता विजय केशरवानी की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ता सुबह पांच बजे से पहले ही कोटा रेलवे स्टेशन पर जा धमके और उन्होंने रेल प्रबंधन द्वारा लगातार गाड़ियां रद्द करने के खिलाफ जोरदार नारे लगाते हुए स्टेशन के अप एंड डाउन दोनों रेल लाइनों की घेराबंदी कर दी और नारेबाजी की। कार्यकर्ता पटरियों पर लेट गए और गाड़ियों की आवाजाही बंद कर दी।

## कितना सफल होगा कांग्रेस का 'भरोसे का सम्मेलन' और भाजपा की 'परिवर्तन यात्रा'

# सियासी बंजर जमीन पर खिलेगा कमल!

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में लगातार 15 साल सत्ता में रहने वाली भारतीय जनता पार्टी 2023 में वापसी के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। बीजेपी ने खासकर बस्तर और सरगुजा में पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का फोकस जीरो लैंड यानी उन इलाकों पर है, जहां 2018 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को सीटें नहीं मिली है। सरगुजा और बस्तर की सियासी बंजर जमीन पर भाजपा कमल खिलाने 'परिवर्तन यात्रा' निकाल रही है। दोनों संभागों में कुल 26 विधानसभा सीटें हैं। कहा जाता है कि सत्ता की चाबी यहीं से निकलती है। वर्तमान में यहां भाजपा का एक भी विधायक नहीं है।



छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को तीन महीने से भी कम समय बचा है। सत्ताधारी कांग्रेस और मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा ने चुनावी तैयारियां तेज कर दी है। कांग्रेस जहां 'भरोसे का सम्मेलन' कार्यक्रम कर जनता तक पैठ मजबूत करना चाह रही है तो वहीं भारतीय जनता पार्टी मोदी सरकार की उपलब्धियां और भूपेश सराकर की विफलताओं को परिवर्तन यात्रा के माध्यम से जनता के बीच लेकर जाने को तैयार है। बस्तर के दंतेवाड़ा और सरगुजा के जशपुर से परिवर्तन यात्राएं शुरू हो रही हैं। पहले चरण की शुरुआत केंद्रीय मंत्री अमित शाह करने वाले थे लेकिन किसी कारणवश उनके स्थान पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरूण साव ने किया। वहीं दूसरे चरण की शुरुआत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे। परिवर्तन यात्रा के समापन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आएंगे।

### दोनों पार्टियों के लिए खास बस्तर और सरगुजा

2023 के विधानसभा चुनाव में सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी को घेरने के लिए भाजपा मास्टर प्लान बनाकर काम कर रही है। बीजेपी ने आदिवासी सीटों पर सबसे ज्यादा फोकस किया है। छत्तीसगढ़ में आदिवासी आरक्षण को लेकर बीजेपी आक्रामक मोड में नजर आ रही है। राष्ट्रपति जैसे सर्वोच्च पद पर आदिवासी महिला को मौका देने को भी पार्टी भुनाने की कोशिश करेगी। बता दें कि परिवर्तन यात्रा से पहले प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने बस्तर के 12 विधानसभा क्षेत्रों में हेलीकॉप्टर से धुआंधार दौरा किया था। उन्होंने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देने के साथ जमीनी हकीकत पड़ताल की थी। बस्तर का किला दोनों पार्टियों के लिए खास मायने रखता है, लिहाजा कांग्रेस-भाजपा के नेता एक-दूसरे को चौतरफा घेराबंदी करने में लगे हैं।

### 2018 के चुनाव में भाजपा को लगा था तगड़ा झटका

2018 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में भाजपा को तगड़ा झटका लगा था। सरगुजा संभाग में पार्टी को एक भी सीट नहीं मिली थी। बस्तर में दंतेवाड़ा एकमात्र सीट मिली थी, वह भी उपचुनाव में हाथ से निकल गई। इसे देखते हुए भाजपा ने आदिवासी क्षेत्रों में फोकस करने का फैसला किया है। रणनीति के तहत भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व बार-बार छत्तीसगढ़ का दौरा कर रहे हैं। ऐसा माना जाता है कि छत्तीसगढ़ में सत्ता की चाबी खासकर बस्तर और सरगुजा संभाग के आदिवासी आरक्षित सीटों से ही खुलता है, इसीलिए भाजपा का पूरा जोर इन आदिवासी सीटों पर है।

### 'बाबा' और 'कका' को घेरने का पूरा प्लान


छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की मजबूत सरकार है। 90 विधानसभा सीटों में से कांग्रेस के पास अभी 71 विधायक हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी के पास सिर्फ 13 विधायक हैं। 3 सीटें जेसीसीजे और विधायक बसपा के हैं। वहीं एक सीट रिक्त है। सरगुजा क्षेत्र में बाबा के नाम से मशहूर टीएस सिंहदेव की जनता के बीच अच्छी पकड़ है। चुनाव से पहले कांग्रेस ने उन्हें डिप्टी सीएम भी बना दिया है। वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल (कका के नाम से लोकप्रिय) को उनके विधानसभा क्षेत्र पाटन के साथ-साथ बस्तर में घेरने की रणनीति भाजपा ने बनाई है। भाजपा का फोकस जीरो लैंड सीटों पर है। बस्तर में 12 और सरगुजा संभाग में कुल 14 सीटें हैं, जहां 2018 में बीजेपी को हताशा हाथ लगी थी। सूबे के इस इलाके में अपना खाता खोलने के लिए भाजपा के पास केवल 2 ही प्लान हैं। पहला मोदी सरकार के काम गिनाना और दूसरा नक्सलियों की पैठ को खत्म करने के दिशा में किए गए काम। इन दो प्लानों के अलावा पार्टी कांग्रेस और बघेल सरकार पर सियासी हमला बोलने में कितना कामयाब होती है, ये तो चुनावों के परिणाम के साथ ही सामने आएगा।

### 2989 किलोमीटर की यात्रा, 84 सभाएं 7 रोड शो

छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव परिवर्तन यात्रा के पहले चरण का नेतृत्व कर रहे हैं। यह यात्रा करीब 1728 किमी की होगी। अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में करीब 45 आम सभाएं, 32 स्वागत सभाएं और 5 रोड शो होंगे। वहीं परिवर्तन यात्रा का दूसरा चरण जशपुर से शुरू होगा। इसे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हरी झंडी दिखाएंगे। दूसरे चरण की यात्रा का नेतृत्व छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल करेंगे। दूसरी परिवर्तन यात्रा 1261 किलोमीटर की होगी। दूसरे चरण में 39 आम सभाएं, 53 स्वागत सभाएं और 2 रोड शो होंगे। दोनों परिवर्तन यात्रा का समापन 28 सितंबर को होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोनों यात्रा करीब 2989 किमी की होगी। परिवर्तन यात्रा में भाजपा के राष्ट्रीय से लेकर प्रदेश स्तर के नेता शामिल होंगे।

## श्रीरामजन्मभूमि पर खुदाई में मिले प्राचीन मंदिर के अवशेष, अनेकों मूर्तियां और स्तंभ शामिल

**अयोध्या ( एजेंसी )।** अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए श्रीराम जन्मभूमि स्थल की खुदाई की जा रही है। खुदाई में प्राचीन मंदिर के अवशेष और मूर्तियां प्राप्त हुई हैं। इसकी जानकारी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने ट्वीट कर दी। उन्होंने बताया कि खुदाई में अनेकों मूर्तियां और स्तंभ मिले हैं। तस्वीरों में दखने पर ये मूर्तियां और स्तंभ काफी प्राचीन नजर आते हैं।



अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। इसके साथ ही जनवरी 2024 में प्राण प्रतिष्ठा की भी तैयारी है। इसे लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। 2019 में राम मंदिर को लेकर फैसला आने के बाद से राम नगरी लगातार चर्चा में हैं।

### 32 हजार करोड़ की विकास योजनाओं पर चल रहा काम

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के साथ ही करीब 32 हजार करोड़ की विकास योजनाओं पर काम चल रहा है। नगर में एक बड़े एयरपोर्ट का भी निर्माण कराया जा रहा है। मंदिर निर्माण शुरू होने के साथ ही यहां बड़ी संख्या में रामभक्तों का आना शुरू हो गया है। श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट समय-समय पर मंदिर निर्माण की तस्वीरें जारी करता रहता है।

## Asia Cup: फाइनल में पहुंचा भारत, श्रीलंका को 41 रन से हराया कुलदीप को मिले चार विकेट




**स्पोर्ट्स डेस्क/कोलंबो ( एजेंसी )।** एशिया कप के सुपर-4 राउंड में भारतीय टीम ने अपने दूसरे मैच श्रीलंका को 41 रन से हरा दिया। इसके साथ ही टीम इंडिया फाइनल में पहुंच गई है। अब भारत का मुकाबला श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। हालांकि, इससे पहले टीम इंडिया को बांग्लादेश से एक मैच खेलना है। इस मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 213 रन बनाए और इसके जवाब में श्रीलंकाई टीम 172 रन पर सिमट गई।

भारत ने श्रीलंका को 41 रन से हरा दिया है। इसके साथ ही टीम इंडिया ने एशिया कप 2023 के फाइनल में जगह बना ली है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.1 ओवर में 213 रन बनाए। इसके जवाब में श्रीलंकाई टीम 41.3 ओवर में 172 रन पर सिमट गई। भारत के लिए सबसे ज्यादा 53 रन कप्तान रोहित शर्मा ने बनाए। राहुल ने 39 और किशन ने 33 रन का योगदान दिया। श्रीलंका के लिए दुनिथ वेलालगे ने पांच और चरिथ असालंका ने चार विकेट लिए। श्रीलंकाई पारी में दुनिथ वेलालगे ने सर्वाधिक 42* रन बनाए। धनंजय डे सिल्वा ने 41 रन का योगदान दिया। भारत के लिए कुलदीप यादव ने चार विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा ने दो-दो विकेट लिए।

फाइनल में भारत का सामना श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच के विजेता से होने की संभावना है। हालांकि, बारिश की वजह से मैच रद्द होने पर समीकरण बदल सकते हैं, लेकिन बांग्लादेश की टीम फाइनल की रेस से बाहर हो चुकी है और भारतीय टीम की जगह फाइनल में पक्की हो चुकी है।

## राजौरी मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर, जवान भी शहीद, गोली लगने से लैब्राडोर डॉग केंट की मौत

**जम्मू ( एजेंसी )।** जम्मू संभाग के राजोरी जिले में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ चल रही है। मुठभेड़ में एक आतंकी को मार गिराया गया है। मुठभेड़ में सेना का एक जवान भी शहीद हो गया है। इसके अलावा एक पुलिस एसपीओ सहित तीन घायल हुए हैं।

एनकाउंटर में भारतीय सेना के कुत्ते केंट, 21 आर्मी डॉग यूनिट की छह वर्षीय मादा लैब्राडोर ने जम्मू-कश्मीर में चल रहे राजौरी मुठभेड़ ऑपरेशन के दौरान अपने हैंडलर की रक्षा करते हुए अपनी जान दे दी। केंट भाग रहे आतंकवादियों की तलाश में सैनिकों की एक टुकड़ी का नेतृत्व कर रही थी। यह भारी गोलीबारी की चपेट में आ गई।



शहीद हुए सेना के जवान की पहचान 21 राष्ट्रीय राइफल्स के सिपाही जसविंदर सिंह के रूप में हुई है। वहीं तीन अन्य घायल सुरक्षा कर्मियों की पहचान सब इंस्पेक्टर मोहम्मद अशरफ (एसपीओ) के रूप में की गई है। कांस्टेबल मोहम्मद रफीक और कांस्टेबल मोहम्मद इकबाल भी घायल हुए हैं। मारे गए आतंकी के पाकिस्तान का होने का शक है।

मंगलवार से यह मुठभेड़ चल रही है। जवानों ने इलाके में तलाशी अभियान चला रखा है। जानकारी के अनुसार, जम्मू-कश्मीर के राजोरी जिले के एक दूरदराज के नारला गांव में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई थी। जम्मू जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुकेश सिंह ने बताया कि शुरुआती गोलाबारी मे सेना का एक जवान घायल हुआ था। बाद में उसने दम तोड़ दिया था।

## पीने के पानी में मानव मल के अंश

श्रीकंचनपथ




अजीब विडम्बना है कि जिसे धोकर हाथ साबुन से धोया था वह पाइप-लाइन के जरिये वापस थाली तक पहुंच गया। कोटा सहित बिलासपुर की कई बस्तियों के पेयजल में मानव मल के अंश मिले हैं। जब इन इलाकों में डायरिया फैलने लगी और मरीजों के लिए बिस्तर जुटाना मुश्किल हो गया तब इन इलाकों का सर्वे किया गया। यहां से पेयजल के सैम्पल लिये गये और उन्हें सिम्स के माइक्रोबायोलॉजी लैब में टेस्ट किया गया। यह देखकर वैज्ञानिकों की आंखें फटी रह गईं कि पीने के पानी में मानव मल के अंश तैर रहे हैं। इसे ही डायरिया की मुख्य वजह माना गया। अब दोषियों की पड़ताल शुरू हो गई है। पता चला है कि पेयजल के पाइपलाइन खुले ड्रेनों से होकर गुजरते हैं। इन खुले ड्रेनों पर कई लोगों ने शौचालय बना रखे हैं। इन शौचालयों से मल-मूत्र पानी में घुल जाता है और पाइप लाइन में प्रवेश कर जाता है। ऐसा पाइप लाइन में लीकेज की वजह से होता है। पेयजल को दूषित होने से बचाने के लिए पिछले कुछ वर्षों में कई उपाय किये गये हैं। पहले आदतन लोग खेतों में या तालाबों के किनारे, जहां जलस्रोत उपलब्ध है, शौच किया करते थे। बारिश के दिनों में यह मल जल के खुले स्रोतों में मिल जाता था। खेतों के मल से भी कीटाणु किसानों के शरीर में प्रवेश कर जाते थे। इसलिए सरकार ने शौचालय बनवाने पर जोर दिया और इसके लिए महा-अभियान चलाया। पर इतने छोटे आकार के देश की इतनी बड़ी आबादी के लिए शौचालय की व्यवस्था करना कोई हंसी-ठट्ठा का विषय तो नहीं था। घनी बस्तियों में सीवेज लाइन और पाइप लाइन को एक दूसरे से अलग करना हो ता सड़कें केवल नक्शे में ही सुरक्षित रह सकती हैं। इसलिए दोनों पाइपलाइन साथ-साथ चलती हैं और नालों से होकर गुजरती है। यह समस्या अकेले कोटा या बिलासपुर की नहीं है। यही स्थिति पूरे प्रदेश, या यूं कहें कि पूरे देश की है। जिनके घर बोरिंग है, वो भी कोई ज्यादा सुरक्षित नहीं हैं। लोग घर की साज सज्जा पर भले ही खुले हाथों से खर्च करते हों, पर सेप्टिक टैंक की निर्माण गुणवत्ता पर वो ज्यादा ध्यान नहीं देते। 1200-2400 वर्गफुट के प्लाट में घर फैलाने के बाद सेप्टक टैंक और बोरिंग के बीच ज्यादा फासला नहीं रह जाता। लीकेज यहां भी हो सकता है। कुछ हद तक वो ही परिवार सुरक्षित हैं जो बोरिंग के पानी का उपयोग भी फिल्टर के जरिए करते हैं। पर ऐसे घरों की भी कमी नहीं है जहां आरओ लगा भले ही हो पर उसके नियमित रखरखाव पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता। बावजूद इसके सभी लोग बीमार नहीं पड़ते। डायरिया और डेंगू भी सबको नहीं होता। ऐसे में एक बार फिर साधारण स्वास्थ्य और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता की तरफध्यान जाता है। ये जिम जाकर मसल्स बनाने से कहीं ज्यादा जरूरी है।

हर्ष मीडिया एडवरटाईजर्स के
बढ़ते कदम....



LED SCREEN
के माध्यम से प्रचार-प्रसार के लिए
संपर्क करे

Harsh Media Advertisers

अब राजधानी रायपुर सहित
पूरे प्रदेश में....

- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- जयस्तंभ चौक, सिन्धु सदन, किरण होटल, रायपुर, जिला-रायपुर
- संदेश बन्धु बिल्डिंग परिसर, वीआईपी चौक मोड, वार्ड क्रमांक-51, तेलीबांधा, रायपुर, जिला-रायपुर
- पचपेड़ी नाका चौक, रायपुर, जिला-रायपुर
- मिलन स्वीट्स, रेलवे स्टेशन चौक, रायपुर
- नेशनल हाईवे-53, पावर हाउस रेलवे स्टेशन, भिलाई, जिला-दुर्ग
- पाटन पुल,उतई (मा. मुख्यमंत्री विधानसभा क्षेत्र), जिला-दुर्ग
- आकाशगंगा चौपाटी, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
- सिरसा गेट चौक, भिलाई-3, जिला दुर्ग
- अग्रसेन चौक, बिलासपुर, जिला - बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, टिकट काउंटर के सामने, गेट नं.-03, बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म नं.-01, गेट नं.-04, बिलासपुर
- पड़ाव चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
- दाऊपारा चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली



Contact_-
9303289950
9131425618
9827806026

शॉप-12, प्रेस परिसर, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

## संपादकीय

### इंसाफ का तकाजा

भूमि के बदले नौकरी मामले में राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए सीबीआई को गृह मंत्रालय की मंजूरी के वैधानिक तकाजे अपनी जगह हैं, और मजबूत हैं, मगर इसके राजनीतिक निहितार्थ भी तलाशे जाएंगे। तब तो और, जब इसी मामले में तीन वरिष्ठ रेल अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी अभी नहीं मिली है। चूंकि यह मामला करीब डेढ़ दशक पुराना है, जब यूपीए-1 में लालू यादव देश के रेल मंत्री हुआ करते थे, तो अब जब देश आम चुनाव से चंद माह दूर है और लालू यादव सत्ता-प्रतिरोध की मुखर आवाज बनकर सामने हैं, सीबीआई की इस सक्रियता पर विपक्ष बदले की राजनीति का आरोप लगा रहा है। ऐसे आरोपों की गुंजाइश नहीं बनती, यदि सीबीआई ने पूरी तत्परता से राजनीतिक रसूख वाले तमाम मामलों को अदालत तक पहुंचाया होता। सीबीआई और ईडी की कार्रवाइयों पर जैसे सियासी हमले हो रहे हैं, उनसे इन केंद्रीय जांच एजेंसियों की साख को गंभीर चोट पहुंचती है, और इससे वे अपनी पारदर्शिता से ही पार पा सकती हैं। सवाल उठता है, सीबीआई को रसूखदार लोगों के खिलाफ जांच में इतना वक्त क्यों लगता है? इस पूरे मामले में ही लालू यादव के अलावा एक पूर्व मुख्यमंत्री, एक उप-मुख्यमंत्री और एक सांसद तक को आरोपी बनाने की बात है! यह मामला हमारी जांच एजेंसियों की कार्यशैली पर अपने आप में एक गंभीर टिप्पणी है। भारतीय राजनीति में दागियों का जो बोलबाला है, उसके लिए काफी हद तक जांच एजेंसियां भी जिम्मेदार हैं, क्योंकि राजनेताओं और नौकरशाहों की दुरभिसंधि किसी से छिपी नहीं है। इसके उदाहरणों को यहां गिनाने की जरूरत नहीं। आला अदालतों की टिप्पणियां अक्सर इसे उजागर करती रही हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वाच (एनईडब्ल्यू) के अध्ययन बताते हैं कि इस वक्त हमारी संसद में शोभायमान 40 फीसदी माननीयों के खिलाफ आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनमें से 25 प्रतिशत के खिलाफ तो गंभीर श्रेणी के अपराधों के आरोप हैं। विडंबना यह है कि कोई भी राजनीतिक दल ऐसे दागियों से अछूता नहीं है। ऐसे में, भारतीय राजनीति को बेदाग बनाने के लिए कितनी गंभीर पहल और कितने ईमानदार प्रयासों की जरूरत है, यह समझा जा सकता है। जमीन के बदले नौकरी का आरोप संगीन है। यह न सिर्फ आर्थिक शोषण और बेईमानी से जुड़ा है, बल्कि कितने ही योग्य बेरोजगारों के साथ विश्वासघात का भी मामला है। अब यदि सीबीआई ने अदालत को सूचित किया है कि उसे मुकदमे चलाने की इजाजत मिल गई है, तो उसका यह दायित्व है कि वह अकाट्य सबूतों के साथ इसे अंजाम तक ले जाए। भारतीय विधायी संस्थाओं व इसके लोकतंत्र का भविष्य तभी उज्ज्वल हो सकता है, जब इनमें दागी लोग निर्णायक हैसियत में न पहुंचें। देश में कानूनों की कमी नहीं है, अभाव उनके क्रियान्वयन की नीयत का है। सीबीआई पर बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि यदि वह सटीक सबूत अदालत के समक्ष नहीं पेश कर पाई, तो लोगों में यही संदेश जाएगा कि विपक्ष की राजनीतिक गोलबंदी को कमजोर करने के लिए लालू परिवार को निशाना बनाया जा रहा है। न्यायपालिका को भी त्वरित सुनवाई कर दूध का दूध और पानी का पानी करना चाहिए। इंसाफ का तकाजा यही है कि न सिर्फ हर मामले में त्वरित न्याय हो, बल्कि देश में कानून का राज कायम है, यह पैगाम भी जाए।

“ विडंबना यह है कि कोई भी राजनीतिक दल ऐसे दागियों से अछूता नहीं है। ऐसे में, भारतीय राजनीति को बेदाग बनाने के लिए कितनी गंभीर पहल और कितने ईमानदार प्रयासों की जरूरत है, यह समझा जा सकता है। जमीन के बदले नौकरी का आरोप संगीन है। यह न सिर्फ आर्थिक शोषण और बेईमानी से जुड़ा है, बल्कि कितने ही योग्य बेरोजगारों के साथ विश्वासघात का भी मामला है।

## हितों का मेल है

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई मुलाकात ने इस बात की पुष्टि की कि भारत और अमेरिका में आपसी हितों का मेल पुख्ता शक्ल ले चुका है। जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आए बाइडेन और मोदी ने जून में वॉशिंगटन में दोनों के बीच हुए समझौतों के अमल पर प्रगति की समीक्षा की। सिर्फ ढाई महीनों के अंदर उन समझौतों पर अमल किस तेजी से आगे बढ़ा है, वह सचमुच ध्यान खींचने वाला है। ड्रोन सौदे से लेकर अमेरिकी नौसेना के जहाजों को भारतीय बंदरगाहों पर 'मरम्मत' की सेवा देने के लिए हुए समझौते अमली जामा पहन चुके हैं। इस रूप में कहा जा सकता है कि भारत अब अमेरिका की इंडो-पैसिफिक रणनीति में सक्रिय भूमिका निभाने की दिशा में काफी आगे बढ़ चुका है। यह खबर भी गौरतलब है कि अमेरिका के भारत से यह पूछने के बाद कि ताइवान पर चीनी हमला होने पर वह उस युद्ध में कैसी भूमिका निभाएगा, भारतीय सेना ने अपनी संभावित भूमिका की पड़ताल के लिए एक समिति का गठन किया है।

जब भारत ने भू-राजनीतिक मामलों ने यह भूमिका अपनाई है, तो इस बात को समझा जा सकता है कि बाइडेन प्रशासन क्यों भारत- खासकर प्रधानमंत्री मोदी को खुश रखने के लिए उतावला है। उतावलापन इस हद तक है कि अपने राष्ट्रपति की विदेशी नेताओं से होने वाली वार्ता के बाद प्रश्न पूछने की अमेरिकी पत्रकारों की परंपरा को ताक पर रखने के लिए उसने तमाम तर्क ढूंढे। उधर अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने पत्रकारों से कहा कि वे यहां किसी देश में नागरिक स्वतंत्रता की स्थिति का स्कोर कार्ड दिखाने नहीं आए हैँ। निहितार्थ यह कि अपने भू-राजनीतिक हितों को आगे बढ़ाने की जुगत में अमेरिका ने खुद ही यह जग-जाहिर कर दिया है कि लोकतंत्र एवं मानव अधिकार जैसे मुद्दे उसके लिए रणनीतिक हथियार हैं, यह कोई निष्ठा की बात नहीं है। उधर अमेरिका की मौजूदा जरूरत को मोदी ने बेहतर ढंग से भांप रखा है और घरेलू राजनीति में अपना हित साधने के लिए उसका खूब इस्तेमाल कर रहे हैं।

## रात्रिभोज पर विपक्षी मुख्यमंत्रियों की राजनीति

भारत में या दुनिया के किसी भी लोकतंत्र में यह सिर्फ कहने की बात होती है कि अमुक बात पर राजनीति नहीं होनी चाहिए या अमुक बात राजनीति से परे है। असल में हर बात पर राजनीति होती है, चाहे होती हुई दिखे या न दिखे। यहां तो जी-20 देशों के मेहमानों के लिए आयोजित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रात्रिभोज में साफ-साफ राजनीति होती हुई दिखी। शुरुआत केंद्र सरकार ने की, जिसने इस पूरे आयोजन को सरकारी बना दिया और यह तय किया कि सिर्फ सरकार के लोगों को बुलाया जाएगा। तभी विपक्षी पार्टियों के मुख्यमंत्री बुलाए गए लेकिन विपक्ष के नेता नहीं बुलाए गए। इसके बाद मुख्यमंत्रियों ने अलग राजनीति की। जो रात्रिभोज में पहुंचे उनकी अलग राजनीति थी और जो नहीं पहुंचे उनकी अपनी राजनीति थी। पहले नहीं पहुंचने वालों को देखें। विपक्षी पार्टियों के जो मुख्यमंत्री रात्रिभोज में नहीं पहुंचे उनमें से तीन के यहां अगले दो महीने में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव इसलिए नहीं गए कि उनके यहां चुनाव होने वाले हैं और वे भाजपा और केंद्र सरकार के विरोध की अपनी राजनीति को जरा सा भी कमजोर होने देना अफोर्ड नहीं कर सकते थे। केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन नहीं गए और उसका कारण वैचारिक था। वामपंथी पार्टियों का मानना है कि यह पूरा आयोजन पश्चिमी देशों के वर्चस्व वाला है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान इसलिए नहीं गए क्योंकि केजरीवाल और उनकी पार्टी का पूरा राजनीतिक नैरेटिव भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लड़ने का है। विपक्ष का चेहरा बनने के लिए वे जो प्रयास कर रहे हैं उसमें यह उम्मीद नहीं की जा सकती थी कि केजरीवाल सम्मेलन में जाकर प्रधानमंत्री और मंत्रियों के साथ फोटो खिंचवाते।

“ **भारतीय जनतंत्र को भी एक समरस और समान समाज रचने के अपने प्रयास करते रहने होंगे। ऐसे समाज को रचने के लिए जरूरी है कि उर्ध्व समानता बनाने की जगह हम 'क्षैतिज' समानता रचें। हमें यह भी देखना होगा कि एक सीमांतता को खत्म करने की प्रक्रिया में हम कहीं नई सीमांतताएं तो नहीं खड़ी कर रहे। यह भी देखें कि गरीबी व पिछड़ापन जिस आरक्षण नीति का आधार रहा है।**

# आरक्षण को सुलझाए रखना ही समाधान

बद्री नारायण, निदेशक, जीबी पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान

भारत में जनतांत्रिक विमर्श में आरक्षण का प्रश्न रह-रहकर केंद्र में आता है। यह न केवल विमर्श के रूप में सामने आता है, बल्कि राजनीतिक और सामाजिक गोलबंदी का कारण भी बनने लगता है। आम जनता को लगता है कि सत्ता और विकास में भागीदारी का यही एकमात्र माध्यम है। नतीजतन, भारत में विभिन्न सामाजिक अस्मिताओं के निर्माण और उनके आपसी संबंधों के निर्धारण में आरक्षण के विमर्श की भूमिका महत्वपूर्ण हो उठती है।

अगले आम चुनाव के पहले भी आरक्षण के ईद-गिर्द गोलबंदी की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 'जातीय गणना' या जातिगत सर्वे के प्रश्न पर पक्ष-विपक्ष वर्ष भर पहले से गोलबंद होने लगा था। फिलहाल, महाराष्ट्र से लेकर मणिपुर तक आरक्षण और राज्य प्रायोजित विकास व अवसरों में भागीदारी को लेकर टकराव फिर से जन्म लेने लगे हैं। अस्मिताएं चाहे जातीय हों या सामुदायिक, उनको अनेक तरह से टकरावों के स्रोत के रूप में विकसित किया जाने लगा है।

परिप्रेक्ष्य होता यह है कि समाज में सीमांत पर बसे समुदाय का एक वर्ग जब अपने भीतर आकांक्षा की शक्ति विकसित कर लेता है, तब वह उस आकांक्षा को पाना चाहता है। कई बार इस प्रक्रिया में उसे आरक्षण ही एकमात्र रास्ता दिखता है। उसे लगता है कि मात्र इसी से उसका सशक्तीकरण हो सकता है। इस प्रक्रिया में इन सामाजिक समूहों में से कुछ अधिक लाभ प्राप्त कर लेते हैं एवं जनतांत्रिक नीतियों द्वारा सृजित अवसर सीमांत के सामाजिक समूहों तक पहुंच ही नहीं पाता। इसका एक कारण यह है कि सीमांत पर बसे समुदायों में से कई ऐसे हैं, जो अभी आरक्षण का लाभ लेने की स्थिति में ही नहीं आ पाए हैं। ऐसे में, कुछ ही समुदाय शक्ति और अवसरों का अधिग्रहण करने लगते हैं और अन्य 'अदृश्य' बनकर रह जाते हैं। आजादी के इतने वर्षों बाद भी उत्तर प्रदेश की कुल 66 अनुसूचित जातियों में से कुछ ही जनतंत्र के गलियारे में मुखर होकर शामिल हुई हैं। अभी भी चालीस-पैंतालीस से ज्यादा जातियां अदृश्य सी हैं। उनकी आबादी छोटी है, उनमें शिक्षा अभी उतनी नहीं फैल पाई है। जनतंत्र में अपनी भागीदारी का दरवाजा खटखटाने का सामर्थ्य अभी वे अपने भीतर विकसित नहीं कर पाई हैं।

यही स्थिति आपको बिहार, झारखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र जैसे राज्यों में भी देखने को मिलेगी। वस्तुत:, आरक्षण का लाभ लेने के लिए वह शक्ति विकसित करनी होती है, जिसके आधार पर हिस्सेदारी का दावा किया जा सके। यह शक्ति इन मुखर से दिखने वाले सामाजिक समूहों के एक खास तबके में ही दिखती है, जिन्हें 'क्रीमीलेयर', 'आगे बढ़ आया परिवार' आदि कहा जाता है। उनके पास ही



आरक्षण का लाभ पहुंच पाता है, जिसके कारण समाज में आरक्षण के लाभ का समान एवं जनतांत्रिक वितरण नहीं हो पाता है।

'आरक्षण' के साथ दो पहलू और जुड़े हैं। एक, इन सुरक्षात्मक भेद से सृजित अवसरों का समान बंटवारा, और दूसरा, अनेक उपेक्षित समूहों में आरक्षण का लाभ लेने की शक्ति, सामर्थ्य व स्थिति को बनाना। यह सुखद है कि इन दोनों दिशाओं में भारत की जनतांत्रिक सरकारें- केंद्र एवं राज्य, प्रयास कर रही हैं। उत्तर प्रदेश में जब राजनाथ सिंह मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने आरक्षण के लाभ के समान वितरण के लिए एक समिति बनाई थी। उत्तर प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस चिंता का समाधान खोजने के लिए 2019 में 'सामाजिक न्याय समिति' का गठन किया था। केंद्र द्वारा बनाई गई रोहिणी समिति में भी इस पर विचार किया गया है। इसलिए आरक्षण के लाभ का सतत मूल्यांकन और उस आधार पर उसके समान वितरण का प्रयास तो होना ही चाहिए।

यूं भी भारत में आरक्षण की प्रक्रिया अत्यंत जटिल है। जातियों की श्रेणी के निर्धारण में कई राज्यों के अलग-अलग मानक हैं। आरक्षण के प्रश्न पर किसी भी राजनीतिक गोलबंदी के साथ इन प्रश्नों को भी सुलझाना होगा। दुनिया के सामाजिक इतिहास पर गौर करें, तो लगता है कि तीन बातें साथ-साथ हो रही होती हैं। पहली, एक साथ अनेक प्रकार की सीमांतताएं (मार्जिनलिटी) सक्रिय रहती हैं। दूसरी, हर जनतांत्रिक सरकार उनसे उबरने के लिए जद्दोजहद कर रही होती है और तीसरी, सीमांतीकरण से उबरने की लड़ाई में अनेक प्रकार की नई सीमांतताएं सृजित होती रहती हैं।

भारतीय जनतंत्र में भी ये प्रक्रियाएं साथ-साथ चल रही हैं। भारतीय जनतंत्र को भी एक समरस और समान समाज रचने के अपने प्रयास करते रहने होंगे। ऐसे समाज को रचने के लिए जरूरी है कि उर्ध्व समानता बनाने की जगह हम 'क्षैतिज' समानता रचें। हमें यह भी देखना होगा कि एक सीमांतता को खत्म करने की प्रक्रिया में हम कहीं नई सीमांतताएं तो नहीं खड़ी कर रहे। यह भी देखें कि गरीबी व पिछड़ापन जिस आरक्षण नीति का आधार रहा है, वह अन्य विकसित करार दिए गए सामाजिक समूहों में धीरे-धीरे पांव न पसारने लगे। इसके लिए भारतीय समाज में गरीबी का विस्तार रोकना होगा। संभवत: इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'गरीब मुक्त भारत' का एजेंडा प्रस्तुत किया। बेशक, भारतीय समाज में गरीबी की जातीय प्रकृति भी है, परंतु गरीबी जाति से परे भी सक्रिय रहती है। हमें आरक्षण के मुद्दे पर विचार करते समय जाति एवं गरीबी के संबंधों में हो रहे सतत परिवर्तनों का मूल्यांकन करते हुए आरक्षण से प्राप्त अवसरों के वितरण करने के नीति-नियमों पर चिंतन करना होगा। इसके साथ ही भारतीय समाज में जनतांत्रिक प्रयासों से विकसित हो रही 'सामाजिक गतिशीलता' पर अनवरत शोध एवं मूल्यांकन करना होगा और उसके निष्कर्षों को नीति-निर्माण में शामिल भी करना होगा।

हमें यह विचार करना होगा कि भारतीय समाज में गरीबी, असमानता के विरुद्ध संघर्ष और सामाजिक गतिशीलता के लिए आरक्षण के साथ और क्या माध्यम एवं रास्ते हो सकते हैं? अमेरिकी समाज में भी इस बाबत पुनर्विचार शुरू हो गया है, जबकि वह 'सुरक्षात्मक भेद' की नीतियों का जनक रहा है। ऐसे में, भारतीय जनतांत्रिक राजनीति एवं विमर्श में भी हमें अनेक ऐसी बहसों को उठाना होगा। भले ही, प्रश्न उठाना कठिन होता है, परंतु सवाल पूछने से ही समाधान मिलता है। हां, उत्तर ऐसा जरूर हो, जो सबके प्रति संवेदनशील हो और सबको अपने में शामिल कर सके।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**


# यदि तेलगी ने वोट खरीदा होता तो बदल जाती उसकी किस्मत

मनु जोसेफ पत्रकार और उपन्यासकार

मुंबई के डांस बारों में 1990 के दशक में यह बात आग की तरह फैल गई कि एक आदमी ने एक ही रात में किसी खूबसूरत डांसर पर 80 लाख रुपये लुटा दिए। इस खबर ने पुलिस की जिज्ञासा जगा दी, तो वह खोज में लग गई। जांच हुई, तो पता चला कि उस व्यक्ति अब्दुल करीम तेलगी ने जाली स्टांप पेपर और राजस्व स्टेशनरी का एक विस्तृत व्यवसाय खड़ा कर रखा है। उसे आय का एक बारहमासी स्रोत मिल गया था। तेलगी बचपन में भूखा रहा और जवानी में फल बेचा करता था, मगर एक डांसर को खुश करने की कोशिश में घातक गलती कर बैठा। वैसे, तेलगी के घोटाले का पूरा दायरा अब भी किसी को नहीं मालूम, पर यह तय है कि उसने सरकार को हजारों करोड़ रुपये का चूना लगाया।

इन दिनों स्कैम 2003- द तेलगी स्टोरी नामक शो चर्चा का विषय है। तेलगी की कहानी दुर्लभ है, क्योंकि यह भारतीय राजनेताओं के एक वर्ग के निर्माण और भ्रष्ट तंत्र के अंदर बड़े पैमाने पर काले धन की झलक पेश करती है। यदि तेलगी एक राजनेता का चोला पहन लेता, तो शायद उसकी स्याह दास्तां कभी सामने नहीं आ पाती। हालांकि, अपने धन के बल पर वह उस मुकाम तक पहुंचने लगा था, जहां पहुंचकर कोई नेता अपने अतीत को मिटा देता है।

शायद हमें ऐसे धोखेबाज पसंद हैं, खासकर अगर उन्होंने हमें धोखा न दिया हो। मेरा पसंदीदा वह आदमी है, जिसने उन रेल यात्रियों को बीमा बेचा, जो बगैर टिकट यात्रा करना चाहते थे, कि अगर उन्हें टिकट चेकर ने पकड़ लिया, तो वह जुर्माने की भरपायी करेगा। तेलगी कुछ अलग था। उसे गैर-इरादतन हत्या का भी दोषी ठहराया गया था, क्योंकि उसके यहां चोरी करने वाला एक व्यक्ति अरब सागर में मृत पाया गया था।



तेलगी की कहानी पत्रकार संजय सिंह द्वारा उजागर की गई थी, जिनकी पुस्तक तेलगी: ए रिपोर्टर्स डायरी ही वेब सीरीज का प्राथमिक सामग्री स्रोत है। पुस्तक में वह लिखते हैं कि तेलगी के उद्यम ने सैकड़ों लोगों को रोजगार दिया था। तेलगी की टीम के शीर्ष स्तर पर चार्टर्ड अकाउंटेंट और वरिष्ठ विपणन प्रबंधक भी शामिल थे। निचले स्तर पर 350 से अधिक एजेंट और अन्य कर्मचारी थे।

वास्तव में, राजनेताओं और पुलिस की मदद के बिना तेलगी कतई फर्जीवाड़ा नहीं कर पाता। दरअसल, जिस भी शक्तिशाली व्यक्ति को उसके फर्जीवाड़े की भनक लगी, उसने उससे जबरन वसूली की। तेलगी ने उन सभी को भरपूर खिलाया। उसे पहले भी जालसाजी और धोखाधड़ी का दोषी पाया गया था, मगर पुलिस ने उसे कभी गिरफ्तार ही नहीं किया। वह कागज पर भगोड़ा घोषित था। इस मामले में एक पुलिस अधिकारी का यह बहाना भी था कि मैं अदालत का फैसला सुनने में इतना मगन था कि तेलगी के अदालती कक्ष से भागने पर नजर रखने से चूक गया।

कोई शक नहीं कि तेलगी ने उन सभी लोगों को समृद्ध किया, जो उसे बचा सकते थे। जब सब कुछ ठीक ही चल रहा था, तब उसकी गिरफ्तारी कैसे हुई? यह भारत में सबसे कम पूछे गए सवालों में शुमार है। अपने देश में आखिर सही चीजें क्यों हो जाती हैं? एक बार संजय सिंह ने तेलगी से ही यह पूछा था। जैसा तेलगी ने बताया कि पुलिस वाले बहुत लालची हो गए थे, उन्होंने ज्यादा पैसे के लिए मेरे बच्चों और पत्नी को भी फंसाने की कोशिश की। पुलिस के दो गुट जैसे बन गए, उससे वसूली के लिए उनमें प्रतिद्वंद्विता की स्थिति बन गई। जैसा अक्सर होता है, न्याय दो शक्तिशाली खेमों के बीच युद्ध का आकस्मिक परिणाम बन जाता है।

तेलगी को कई आरोपों में दोषी ठहराया गया और उसे तीन दशक जेल में बिताने थे, मगर लगभग एक दशक जेल में रहने के बाद 56 की उम्र में 2017 में उसकी मौत हो गई। जो कुछ राजनेता और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी इस मामले में फंसे थे, बाद में सब निर्दोष माने गए।

बेशक, तेलगी की कहानी भी अलग हो सकती थी, शायद यह सब रहस्य ही रह जाता, अगर उसने अपने राजनीतिक प्रभाव को बढ़ाने पर खर्च किया होता। तेलगी ने भी दान में करोड़ों रुपये खर्च किए थे, लेकिन यह दान उसकी संपत्ति की तुलना में बहुत मामूली था, पर इतना जरूर था कि उसके अंतिम संस्कार में 2,000 से ज्यादा लोग शामिल हुए थे।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# जी-20 का डंका बजता रहेगा

अजीत द्विवेदी

जी-20 का शिखर सम्मेलन समाप्त हो गया है लेकिन उसका डंका बजना अभी जारी रहेगा। अभी तक भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलने और उसके आयोजन की तैयारियों को लेकर जय-जयकार हो रही थी लेकिन अब सफल आयोजन का डंका बजेगा। दुनिया भर के देशों के नेता दिल्ली से लौटते लौटते भारत के आयोजन की तारीफ करके गए हैं। जी-20 के नए अध्यक्ष ब्राजील के राष्ट्रपति इनासियो लूला डी सिल्वा ने तो यहां तक कहा कि उनका देश भारत की तरह ही आयोजन करने की भरपूर कोशिश करेगा। आयोजन की भव्यता के साथ साथ इसकी सफलता को लेकर भी बहुत चर्चा हुई है। नई दिल्ली घोषणापत्र पर सौ फीसदी सहमति की तारीफ अलग अलग तरह से सभी देशों ने की। इस घोषणापत्र को रूस ने अपनी जीत बताया तो फ्रांस के राष्ट्रपति ने यूरोप की जीत बताया। भारतीय मीडिया में इस बात का भरपूर प्रचार हुआ कि भारत ने 37 पन्नों और 83 पैराग्राफ के नई दिल्ली घोषणापत्र पर सहमति बनवाई। यह भारत की कूटनीतिक जीत है कि इसकी तारीफ रूस भी कर रहा है और यूरोप भी। सारी दुनिया भारत के नेतृत्व यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की तारीफ कर रही है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने यह कह कर भारत का मान और बढ़ा दिया कि सही समय पर सही देश को जी-20 का नेतृत्व




मिला। इस तरह जी-20 की कूटनीति के बाद अब इसके राजनीतिक इस्तेमाल के लिए मैदान सज गया है।

ऐसा नहीं है कि पहले इसका राजनीतिक इस्तेमाल नहीं हो रहा था। जब से भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिली तभी से इसका इस्तेमाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विश्वगुरू की छवि बनाने के लिए किया जाने लगा था। उसके बाद एक सच्चे और बड़े इवेंट के आयोजक की तरह प्रधानमंत्री ने इसका विस्तार बहुत व्यापक कर दिया। पिछले साल दिसंबर में भारत को इसकी अध्यक्षता मिली थी उसके बाद नौ महीने में देश के 60 शहरों में जी-20 से जुड़ी 220 से ज्यादा बैठकें हुईं। इन बैठकों में दुनिया के अलग अलग देशों के 25 हजार से ज्यादा प्रतिनिधि शामिल हुए। ब्राजील में सिर्फ पांच शहरों में बैठकें होंगी। भारत में पर्यटन से लेकर खाद्य सुरक्षा और लघु व छोटे उद्योगों से लेकर स्वास्थ्य तक हर क्षेत्र के बारे में विचार किया गया और उसका रोडमैप तैयार किया गया। अफ्रीकी संघ के 55 देशों की इसमें बड़ी भागीदारी रही और जी-20 शिखर सम्मेलन के पहले दिन अफ्रीकी संघ को जी-20 का हिस्सा बनाने का ऐलान हुआ। भारत को इसका श्रेय मिला कि उसने वसुधैव कुटुम्बम और अपने समावेशी विकास के सिद्धांत पर चलते हुए अफ्रीका को इस विकसित देशों के समूह का हिस्सा बनवाया।

आमतौर पर वित्त और विदेश नीति से देश की आम जनता को कोई खास मतलब नहीं होता है। तभी 24 घंटे चलने वाले न्यूज चैनलों और सोशल मीडिया के बावजूद बजट से लोगों को इतना ही मतलब होता है कि क्या महंगा हुआ और क्या सस्ता और कूटनीति से सिर्फ इतना सरोकार होता है कि पाकिस्तान को भारत ने ठीक कर दिया, पाकिस्तान जाकर क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं, उनके यहां आना-जाना बंद कर दिया है आदि। थोड़े पढ़े लिखे लोगों का सरोकार इतना होता है कि अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, कनाडा आदि का वीजा मिल जाए। यह पहला मौका था, जब सरकार ने जी-20 के बहाने कूटनीति को पढ़े-लिखे, सम्भ्रांत शहरी वर्ग के ड्राइंग रूम से निकाल कर गांव-कस्बों के चौपाल और चाय की दुकान तक पहुंचा दिया। पिछले नौ महीने से हर व्यक्ति जी-20 के बारे में बात करता हुआ था। उसे इसका एजेंडा भले न मालूम हो लेकिन यह पता चल गया था कि भारत में बहुत बड़ा आयोजन हो रहा है, जिसमें दुनिया की सारी महाशक्तियों के नेता नई दिल्ली में जुट रहे हैं। सरकार, भाजपा और आरएसएस के प्रचार तंत्र से उनको यह भी पता चल गया था कि मोदी हैं तभी ऐसा हो रहा है। देश की ज्यादातर आबादी अब भी यही मान रही है कि पहली बार इस तरह का आयोजन भारत में हुआ है।

बची खुची कसर आयोजन के तीन दिन यानी आठ और दस सितंबर की कवरेज ने पूरी कर दी। दुनिया के महाबली देशों के विमानों का हवाईअड्डे पर उतरना, नेताओं का भारत मंडपम में पहुंचना, मोदी का उन्हें गले लगाना, दुनिया की महाशक्तियों के बीच बैठे मोदी का गैवल यानी हथौड़ा पीटना और राजघाट पर एक साथ 20 से ज्यादा नेताओं और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों का नेतृत्व करते हुए उन्हें महात्मा गांधी की समाधि पर ले जाना, इन सबसे बेहद पावरफुल तस्वीर बनी। भूख, बेरोजगारी, गरीबी अपनी जगह है और गर्व अपनी जगह है। राष्ट्र का सम्मान, तिरंगे का गौरव आदि ऐसी भावनाएं हैं, जो नागरिकों को अपने जीवन की तमाम असुविधाओं और परेशानी से आगे ले जाती हैं। इस आयोजन के बाद यह कहते हुए बहुत से लोग मिल जाएंगे कि 'कुछ भी हो मोदी ने कमाल कर दिया'। यह धारणा अपने आप भाजपा और नरेंद्र मोदी का चुनावी स्टॉक ऊंचा करने वाली है। इसके बाद जो प्रचार होगा उससे रही सही कसर और पूरी हो जाएगी।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### हिंदी फिल्म 'त्यागमूर्ति माता रमाई' की पहल हुई भिलाई से

**भिलाई।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संघर्ष में साथ रहीं उनकी जीवन संगिनी रमाबाई आम्बेडकर पर हिंदी फिल्म बनाने इस्पात नगरी भिलाई से पहल हुई है।'त्यागमूर्ति माता रमाई' के नाम से बनने वाली इस फिल्म की शुरूआती तैयारी के तहत डॉक्टर अंबेडकर सामुदायिक भवन झिरिया पारा रूआबांधा बस्ती में ऑडिशन सह एक्टिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। संपूर्ण छत्तीसगढ़ से आए कलाकारों ने यहां विभिन्न पात्रों के अनुरुप अभिनय क्षमता का परिचय दिया और फिल्म में अपनी जगह सुरक्षित की। ऑडिशन देने पहुंचे कलाकारों की संख्या और उनका उत्साह देख वर्कशॉप का समय तीन घंटे और बढ़ाया गया। कलाकारों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह का प्लेटफॉर्म हमें मिलेगा ,तो हम भी अपनी कला का प्रदर्शन देश स्तर पर कर सकते हैं। फिल्म के डायरेक्टर कबीर दा ने सभी कलाकारों को एक्टिंग तथा डायलॉग डिलीवरी की बारीकियां सिखाई और कैमरे के विभिन्न एंगल के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस फिल्म के प्रोड्यूसर प्रेरणा उदय धाबर्डे , राजकुमार रामटेके और शिल्पा सुखदेवे,को-प्रोड्यूसर प्रवीण वासनिक और शैलेंद्र भगत है। डायरेक्टर लेखक कबीर दा हैं, जिन्होंने इससे पहले 'संविधान निर्माते' फिल्म बनाई है। फिल्म के कास्टिंग डायरेक्टर- राहुल तिवारी, संजय बनसोडे,संगीतकार-दिनेश अर्जुना,गीतकार-गौतम शेन्डे और कैमरामैन सुमित सोनी (रोडीज) हैं। गायिका वैशाली माडे (सारेगामापा 2009 विनर) और संजीवनी बेलोन्डे है।वहीं फिल्म के कलाकारों में डॉ. भीमराव अंबेडकर की भूमिका में डॉ. उदय धाबर्डे, रमाई की भूमिका में ओशवींन साबरे (मुंबई), बाल रमा की भूमिका में क्विनल मुनेश्वर और आनंद अम्बेडकर की भूमिका में पीपली लाइव के नत्था ओंकार दास मानिकपुरी नजर आएंगे।

### एकाग्र रमाकांत श्रीवास्तव पर दो दिवसीय साहित्यिक आयोजन कल से

**दुर्ग।** साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद संस्कृत विभाग छत्तीसगढ़ शासन और हिंदी विभाग शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के संयुक्त तत्वाधान में 'एकाग्र रमाकांत श्रीवास्तव' का आयोजन 14 और 15 सितंबर को किया गया है। साहित्य अकादमी के अध्यक्ष ईश्वर सिंह दोस्त ने बताया कि शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर महाविद्यालय के राधाकृष्णन सभागार में आयोजित इस दो दिवसीय समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार रमाकांत श्रीवास्तव के व्यक्तित्व और कृतित्व पर केंद्रित वैचारिक सत्र होंगे। 14 सितंबर गुरुवार को सुबह 10:30 बजे उद्घाटन सत्र में संयोजकीय वक्तव्य जयप्रकाश, बीज वक्तव्य शशांक, अध्यक्षीय वक्तव्य आरएन सिंह देंगे। वहीं धन्यवाद ज्ञापन अभिनेश सुराना और संचालन ईश्वर सिंह दोस्त का होगा। अगले सत्र में सुबह 11:30 बजे 'रमाकांत श्रीवास्तव का कथा संसार-कथा भूमि की तलाश' विषय पर मुकेश वर्मा, महावीर अग्रवाल और प्रभु नारायण वर्मा अपना वक्तव्य देंगे। संचालन बसंत त्रिपाठी करेंगे। दोपहर 2:00 बजे से शुरू होने वाले तीसरे सत्र में 'कहानी के नए इलाके में' विषय पर जयप्रकाश और नीरज खरे अपना वक्तव्य देंगे। संचालन प्रभु नारायण वर्मा का होगा। दोपहर बाद 3:15 बजे 'समकालीनता से साक्षात्कार की कथा विधि' विषय पर विनोद साव, आनंद बहादुर, दिनेश भट्ट और कैलाश वनवासी अपना वक्तव्य देंगे। संचालन जयप्रकाश करेंगे। अंतिम सत्र में शाम 5:00 बजे से रमाकांत श्रीवास्तव का कहानी पाठ होगा।

# मुख्यमंत्री बघेल ने नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ कृषि भवन की रखी आधारशिला

## सेक्टर 19 में 49 करोड़ 50 लाख की लागत से 3.14 एकड़ में बनेगा सर्वसुविधायुक्त कृषि भवन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नवा रायपुर के सेक्टर 19 में 49 करोड़ 50 लाख की लागत से 3.14 एकड़ में बनने वाले नए छत्तीसगढ़ कृषि भवन का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने विधिवत पूजा-अर्चना कर नए कृषि भवन की आधारशिला रखी और धरती मां से प्रदेश के धन-धान्य से समृद्ध होने और किसानों के खुशहाली की कामना की। श्री बघेल ने छत्तीसगढ़ कृषि भवन के लिए चिन्हित परिसर में स्वर्ण चम्पा के पौधे का रोपण भी किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग के अधिकारियों से नए कृषि भवन के निर्माण से जुड़ी जानकारी ली और इसके बनने से किसानों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी जाना। उन्होंने नये भवन के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को बधाई दी।



कार्यक्रम में कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी मंत्री ताम्रध्वज साहू, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविन्द्र चौबे, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह, प्रबंध संचालक गोधन न्याय मिशन डॉ. फकीर अयाज तम्बोली, पुलिस महानिरीक्षक रतन लाल डांगी, संचालक कृषि एवं पशुधन श्रीमती चंदन त्रिपाठी, उप सचिव श्रीमती तूलिका प्रजापति सहित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

गौरतलब है कि पांच मंजिला छत्तीसगढ़ कृषि भवन' का निर्माण नवा रायपुर के सेक्टर-19 में 3.14 एकड़ में किया जाएगा। कृषि भवन में कृषि से संबंधित समस्त विभाग-कृषि संचालनालय, कृषि अभियांत्रिकी, उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, जल ग्रहण प्रबंधन, पशुधन विकास, मछली पालन के संचालनालय होंगे। भवन में कृषि मंत्री एवं कृषि उत्पादन आयुक्त का कार्यालय भी स्थापित होगा।

एकीकृत कृषि भवन के निर्माण से विभाग की सहयोगी संस्थाओं के बीच आपसी सांमजस्य में वृद्धि होगी, जिससे कृषि विकास के कार्यों में गति आयेगी तथा राज्य भर से आने वाले कृषकों की समस्याओं का निपटारा एक ही छत के नीचे संभव हो सकेगा। भविष्य में कृषि भवन को कृषि क्षेत्र के विकास हेतु एक 'समन्वित संसाधन केन्द्र' के रूप में विकसित किया जाएगा।

### सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के लिए सप्लायरों की होगी पहचान

## सारथी एप के माध्यम से आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण करें निराकरण-कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिले के नगरीय निकायों में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने सप्लायरों की पहचान की जाएगी। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने आज अधिकारियों की बैठक में नगरीय निकायों के अधिकारियों से निकायवार सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग प्रतिबंधित करने स्थल निरीक्षण कर व्यवसायियों पर पेनाल्टी अधिरोपित कर लाइसेंस निरस्तीकरण किया जाए।

इसके अलावा व्यवसायियों एवं दुकानों को सिंगल यूज प्लास्टिक के सप्लायरों की पहचान कर कड़ी कार्यवाही की जाए। कलेक्टर श्री मीणा ने सारथी एप के माध्यम से नोडल अधिकारियों द्वारा निराकृत आवेदनों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सारथी एप के माध्यम से प्राप्त आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखकर जिला स्तरीय सारथी एप बनाया गया है। सारथी ऐप को मोबाइल के माध्यम से गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। इस ऐप में मोबाइल नंबर के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करते ही उसे यूजर आईडी और पासवर्ड मिलेगा। आईडी में व्यक्ति लॉगिन कर अपनी समस्या को दिए गए फॉर्मेट में अंकित कर अपने आवेदन को सबमिट करेगा। ऐप के माध्यम से दर्ज की गई शिकायत की आगे की कार्यवाही के लिए निर्धारित किए गए नोडल अधिकारी के पास पहुंचेगा। कलेक्टर ने स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र व स्कूल जतन योजना के अप्रारंभ कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय निरीक्षण हेतु नियुक्त अधिकारियों को निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा। जिला शिक्षाधिकारी को शिक्षा विभाग द्वारा संचालित पी.एम. श्री योजना की अद्यतन प्रगति से अवगत कराने कहा। समीक्षा के दौरान पशुचिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने अवगत कराया कि शासन द्वारा जिले को तीन पशुचिकित्सा मोबाईल वेन उपलब्ध करायी गई है। उक्त मोबाईल वेन गौठानों में सेवाएं दे रहे हैं। एक दिन में दो गौठान कव्हर किया जा रहा है। कलेक्टर ने उक्त मोबाईल यूनिट द्वारा उपलब्ध सेवाओं को आगामी समय-सीमा की बैठक में प्रजेंटेंशन करने कहा।



## रेशम धागाकरण से महिलाएं कर रहीं अच्छी कमाई

**रायपुर।** सरगुजा (अंबिकापुर) जिला के विकासखण्ड लखनपुर के रीपा पुहपुटरा की स्व सहायता समूह की महिलाएं टसर रेशम धागा करण से अच्छी कमाई कर रही है। रेशम विभाग द्वारा समूह द्वारा निर्मित धागा खरीदने से महिलाओं को बाजारों में धागा बेचनें की चिन्ता भी दूर हो गई है। गौरतलब है कि पुहपुटरा निवासी स्व सहायता समूह की महिलाएं राज्य शासन की मदद से स्वरोजगार की ओर आगे बढ़ रही हैं। महिलाएं जहां एक ओर घर-परिवार की जिम्मेदारी निभा रहीं हैं, वहीं दूसरी ओर स्व सहायता समूह से जुड़कर अच्छी आमदनी भी कमा रहीं हैं। विकासखण्ड लखनपुर के रीपा गौठान पुहपुटरा की स्व सहायता समूह की महिलाएं। महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क योजना के तहत गौठान में टसर धागाकरण का कार्य प्रारंभ किया गया है। कार्य हेतु इच्छुक समूह की 20 महिलाओं का चयन कर उन्हें जिला प्रशासन द्वारा मशीन तथा अन्य आवश्यकताओं हेतु आर्थिक सहायता प्रदान किया गया। समूह की दीदी श्रीमती मीना राजवाड़े बताती हैं कि धागाकरण हेतु रेशम विभाग के माध्यम से तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

### मुख्यमंत्री ने राज्य कृषि विपणन बोर्ड के नवीन कार्यालय भवन का किया लोकार्पण

# सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम से होगा नया मंडी बोर्ड भवन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड के नवीन कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने इस भवन का नामकरण सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर करने की घोषणा की। नवा रायपुर के सेक्टर 24 में 40 करोड़ रूपए की लागत से तैयार किए गए इस भवन में बीज निगम का कार्यालय भी संचालित होगा। लगभग 1 लाख 58 हजार वर्गफीट में बनाए गए इस भवन से कृषि संबंधी विभिन्न गतिविधियों संचालित होंगी जिसका लाभ किसानों को मिलेगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों की सुविधा के लिए राज्य में मंडी का विस्तार किया जा रहा है। राज्य में लगभग 1.25 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की जानी है। इसको देखते हुए धान संग्रहण केन्द्रों को भी मंडी के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में मिलेट्स की खेती को भी लगातार प्रोत्साहन दिया जा रहा है तथा समर्थन मूल्य पर इसकी खरीदी की जा रही है। राज्य में किसान हितैषी नीतियों के फलस्वरूप बस्तर अंचल में खेती-किसानी के प्रति रूझान बढ़ा है। पहले बस्तर में सब्जी का उत्पादन नहीं के बराबर हो रहा था अब बस्तर में सब्जी उत्पादन का क्षेत्र बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का निरंतर प्रयास रहा है कि किसानों को उनके उपज का सही दाम मिले। वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा केन्द्रीय पूल के लिए चावल खरीदी में की गई कटौती किसानों के प्रति अन्याय है। अब बायोमेट्रिक पद्धति से धान खरीदी का नियम केन्द्र सरकार द्वारा लागू किया जा रहा है। यह किसानों को परेशान करने का नया तरीका है।






इस अवसर पर स्कूल शिक्षा एवं सहकारिता मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा की राज्य में सरकार बनने के साथ ही कृषि के क्षेत्र में लगातार क्रांतिकारी परिवर्तन हो रहा है। राज्य के सरकार अब किसानों से 20 क्विंटल धान की खरीदी करेगी। विगत वर्ष 1 लाख 75 हजार करोड़ रुपए किसानों को उसके उपज के लिए दिया गया। सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। कार्यक्रम में ताम्रध्वज साहू ने कहा कि कृषि प्रधान राज्य में किसानों की प्रगति के लिए नए-नए संसाधनों को अपनाया जा रहा है। नए मंडी भवन के बन जाने से अब राज्य के सभी मंडी सदस्यों को काम-काज में आसानी होगी। उन्होंने मंडी समिति के सदस्य द्वारा की गई विभिन्न मांगों को यथाशीघ्र पूरा करने की बात भी कही। समारोह में मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, राज्य के सभी मंडी बोर्ड के अध्यक्ष और समिति के सदस्य, कृषि उत्पादन आयुक्त एवं सचिव कमलप्रीत सिंह, प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड यशवंत कुमार, आईजी रतन लाल डांगी, प्रबंध संचालक गोधन न्याय मिशन डॉ. अय्याज फकीर भाई तंबोली, संचालक कृषि एवं पशुधन श्रीमती चंदन त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना रोकने मवेशियों की धड़पकड़ अभियान, रोका छेका संकल्प अभियान के तहत की जा रही है कार्यवाही

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** रोका छेका संकल्प अभियान में पकड़े गये घूमन्तू मवेशियों का शहरी गौठान तथा पशु आश्रय स्थल में पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं का टेगिंग किया जा रहा है। निगम का राजस्व अमला सड़क दुर्घटना को रोकने सड़क तथा चौक चौराहो से आवारा मवेशियों का घड़पकड़ कर रहा है।

आयुक्त रोहित व्यास रोका छेका संकल्प अभियान के सफल संचालन के लिए लगातार मॉनेटरिंग कर रहे है। उन्हे भ्रमण के दौरान जहॉ भी चौक या सड़क पर मवेशी दिखते है, वे तत्काल इस पर कार्यवाही के निर्देश देते है। आयुक्त को हुड़को वासियों ने श्री राम चौक में रात्रि में पशुओं का समुह एकत्र रहने की सूचना दी गई जिस पर राजस्व अमला जोन-05 के सहायक राजस्व अधिकारी के साथ शाम 7 बजे हुड़को पहुॅचकर सम्पूर्ण क्षेत्र से सड़क तथा चौक चौराहो में झुण्ड में बैठे आवारा मवेशियों को काउ कैचर के माध्यम से गौठान में रखा गया है। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने राजस्व अमले को नियमित रूप से सम्पूर्ण निगम क्षेत्र का भ्रमण कर घुमन्तू मवेशियों की घड़पकड़ करने के निर्देश दिये है। जिसके तहत तीन माह के भीतर 1126 आवारा मवेशियों को पकड़कर गौठान में रखा गया है। इन मवेशियों का एनिमल टैगिंग किया जा रहा है, अभी तक 354 मवेशियो का टेगिंग किया जा चुका है। निगम आयुक्त श्री व्यास के निर्देश पर निगम भिलाई द्वारा तीन टीम बनाई गई है, जो काउ केचर वाहन में संसाधनों के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर आवारा मवेशियों को पकड़ निगम के शहरी कोसानगर और डीमार्ट के पास पशु आश्रय स्थल में रख रहे है। जुलाई माह में 278, अगस्त में 684 तथा 11 सितंबर तक 164 सहित कुल तीन माह में 1126 मवेशी पकड़े जा चुके है। निगम क्षेत्र के नागरिक द्वारा निदान 1100 तथा अन्य माध्यम से मवेशियों की शिकायत मिलने पर निगम की टीम मौके पर पहुंचकर मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही को अंजाम दे रहे है, टीम ने जी.ई.रोड, आकाशगंगा, हुड़को, वैशालीनगर, पावर हाउस चौक, नेहरू नगर, टाउनशिप क्षेत्र की सड़को पर घुमने वाले घूमन्तू मवेशियों का घड़पकड़ की कार्यवाही कर रहे है।





ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान

पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है

रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578



Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### झारखण्ड मनरेगा टीम ने छत्तीसगढ़ के 'नरवा विकास' को सराहा

**रायपुर ( ए )।** राज्य सरकार की नवाचारी पहल 'नरवा विकास' के तहत छत्तीसगढ़ में भू-जल उपचार संबंधी हो रहे कार्यों की सराहना झारखण्ड के अधिकारियों की टीम ने अवलोकन करते हुए की है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री बघेल की मंशा के अनुरूप वन मंत्री अकबर के मार्गदर्शन में वनांचल में भू-जल उपचार के लिए कैम्पा के तहत काफी तादाद में नरवा विकास के कार्य कराए जा रहे हैं। इस तारतम्य में प्रधान मुख्य वन संरक्षक व्ही. श्रीनिवास राव ने बताया कि झारखण्ड की मनरेगा टीम द्वारा विगत दिवस छत्तीसगढ़ में प्रवास के दौरान जशपुर वन परिक्षेत्र के लोदाम बीट अंतर्गत 01 करोड़ 35 लाख रूपए की लागत से निर्मित नरवा जामझरिया नाला में क्षेत्र उपचार एवं मिट्टी बांध का निरीक्षण किया गया। मिट्टी बांध निर्माण के सभी तकनीकी पहलुओं से वनमण्डलाधिकारी जशपुर जितेन्द्र उपाध्याय द्वारा झारखण्ड की टीम को अवगत कराया गया। जिससे विशालकाय मिट्टी बांध का निर्माण किया गया है, अवलोकन के दौरान झारखण्ड से आये टीम द्वारा मिट्टी बांध की विशालता, आकार एवं जल भराव को देख कर काफी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कार्य की प्रशंसा की गई। मिट्टी बांध में लगभग 3 मीटर गहरी एवं 800 मीटर लम्बाई में पानी का भराव है। निरीक्षण टीम द्वारा स्थानीय कृषकों से भी वार्तालाप किया गया। स्थानीय कृषकों ने बताया कि बांध निर्माण से आस-पास के 4 ग्रामों के लगभग 100 कृषकों को 4 से 5 माह के लिए रोजगार उपलब्ध हुआ एवं ग्रामीणों को लगभग 20 एकड़ खेती हेतु द्विफसलीय खेती हेतु जल की उपलब्धता हुई है, जिससे ग्रामीण अत्यंत खुश हैं। साथ ही उनके वनों की सुरक्षा में भी उत्साह वर्धन हुआ है एवं सहभागीता बढ़ रही है। वन प्रबंधन समिति द्वारा माह जुलाई में बांध में मछली बीज छोड़ा गया है, जिससे आय के अन्य स्त्रोत के रूप में उसका उपयोग किया जा सके। जामझरिया नाला का कुल कैचमेंट एरिया 760 हेक्टयर है।

### छत्तीसगढ़ में अब तक 839.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2023 से अब तक राज्य में 819.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2023 से आज 12 सितंबर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1453.9 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 381.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 698.8 मिमी, बलरामपुर में 788.0 मिमी, जशपुर में 693.6 मिमी, कोरिया में 785.9 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 810.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

इसी प्रकार, रायपुर जिले में 912.8 मिमी, बलौदाबाजार में 825.4 मिमी, गरियाबंद में 735.9 मिमी, महासमुंद में 853.8 मिमी, धमतरी में 788.5 मिमी, बिलासपुर में 862.5 मिमी, मुंगेली में 1009.1 मिमी, रायगढ़ में 969.4 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 743.9 मिमी, जांजगीर-चांपा में 725.3 मिमी, सक्ती में 730.8 मिमी, कोरबा में 833.0 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 885.3 मिमी, दुर्ग में 696.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 664.8 मिमी, राजनांदगांव में 623.8 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1062.8 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 869.6 मिमी, बालोद में 854.6 मिमी, बेमेतरा में 654.0 मिमी, बस्तर में 920.9 मिमी, कोण्डागांव में 922.2 मिमी, कांकेर में 828.2 मिमी, नारायणपुर में 815.4 मिमी, दंतेवाड़ा में 942.0 मिमी और सुकमा में 1251.1 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

# नवा रायपुर के कमर्शियल हब में 540 रुपए वर्गफीट में मिलेगा व्यवसायियों को भूखण्डः भूपेश बघेल

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नवा रायपुर में 'कमर्शियल हब', एरोसिटी और 'शहीद स्मारक' की रखी आधारशिला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नवा रायपुर अटलनगर के सेक्टर-35 में आयोजित समारोह में तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं 'कमर्शियल हब', एरोसिटी और 'शहीद स्मारक' का भूमिपूजन और शिलान्यास किया।**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन बहुत विशेष है क्योंकि देश के सबसे बड़े थोक व्यवसायिक बाजार का शिलान्यास छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में हो रहा है जिससे राज्य के लाखों लोगों को रोजगार भी मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले भविष्य को देखते हुए ये भूमिपूजन, शिलान्यास और लोकर्पण किए जा रहे हैं. राज्य के लोगों की हमसे अपेक्षाएं थीं जिसे साकार करने के लिए हमने एक मजबूत कदम आगे बढ़ाया है। बघेल ने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी है कि वो लोगों को आगे बढ़ने के लिए बेहतर वातावरण तैयार कर सके और हमने राज्य के किसानों के लिए ऐसा ही वातावरण तैयार किया है. इसके साथ ही स्कूली शिक्षा में सुधार, छत्तीसगढ़ की संस्कृति व पर्यटन को बढ़ावा देने का वातावरण भी हमने तैयार किया है।

श्री बघेल ने कहा कि हम उद्योग को भी एक वातावरण देने की कोशिश कर रहे हैं जिसके लिए मैने व्यवसायियों से कहा था कि छत्तीसगढ़ की उद्योग नीति को सबसे बेहतर बनाना है और इस प्रयास से प्रदेश में उद्योगों की संख्या बढ़ी है व लोगों को रोजगार मिला है।



नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण क्षेत्र अंतर्गत विविध कार्यों के इस शिलान्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में आम लोगों को आर्थिक मजबूती प्रदान करने का काम कर रही है. उन्होने कहा कि सरकार की ये प्राथमिकता है कि लोगों को रोजगार उपलब्ध हो ताकि छत्तीसगढ़ का लगातार विकास होता रहे।

नवा रायपुर में निवेश, बसाहट और वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सेक्टर-23, 24, 34, 35 और 40 में 1083 एकड़ में 'कमर्शियल हब' विकसित किया जा रहा है। इसी तरह नवा रायपुर के लेयर-3 में यात्री सुविधाओं को बढ़ावा देने, एयरपोर्ट क्षेत्र के वाणिज्यिक विकास तथा रोजगार सृजन हेतु स्वामी विवेकानंद विमानतल के निकट ग्राम बरोदा एवं रमचण्डी के चिन्हांकित 216.63 एकड़ में 'एरोसिटी' विकसित की जा रही है। 'शहीद स्मारक' की स्थापना नवा रायपुर के ग्राम परसदा (सेक्टर-3) में व्हीआईपी बटालियन में 13 एकड़ में की जा रही है।

इस दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविन्द्र चौबे, विधायक धनेन्द्र साहू, मुख्यमंत्री के विशेष सलाहकार डॉ. राकेश गुप्ता तथा छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### नवा रायपुर के कमर्शियल हब में 540 रुपए वर्गफीट में मिलेगा व्यवसायियों को भूखण्ड

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों की मांग पर एक बड़ी घोषणा करते हुए नवा रायपुर के कमर्शियल हब में 540 रूपए वर्गफीट में व्यवसायियों को भूखण्ड आवंटित करने की बात कही। उन्होने कहा कि इसकी वजह से कमर्शियल हब के निर्माण में लगने वाली अतिरिक्त राशि की वहन राज्य सरकार करेगी।

# राज्य के 10 हजार आंगनबाड़ी केन्द्र मॉडल केन्द्र के रूप में हो रहे विकसित



### अब तक 1047 आंगनबाड़ियां बनी बाल सुलभ केन्द्र

### वित्तीय वर्ष 2023-24 में 5000 आंगनबाड़ी भवन निर्माण का लक्ष्य

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** बच्चों तथा महिलाओं के कल्याणकारी योजनाओं में मैदानी स्तर पर सुचारू रूप से संचालन के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों का सक्षम होना जरूरी है। इसे देखते हुए राज्य के 10 हजार आंगनबाड़ी केन्द्रों को मॉडल केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इनमें से 1047 आंगनबाड़ी केन्द्रों को आकर्षक रूप देकर बाल सुलभ केन्द्र के रूप में विकसित किया गया है। साथ ही प्रदेश के 10 आकांक्षी जिलों एवं 20 विकासखण्ड में आंगनबाड़ी केन्द्र को सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता में वृद्धि के लिए स्वयं का आंगनबाड़ी भवन होना आवश्यक है। जिन स्थानों पर आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए भवन नहीं हैं, वहां हितग्राहियों की सुविधा के लिए राज्य शासन द्वारा अधिकाधिक संख्या में आंगनबाड़ी भवन निर्माण के कार्य को प्राथमिकता दी जा रही है। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में कुल स्वीकृत 52 हजार 474 आंगनबाड़ी और मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों में से कुल 47 हजार 189 केन्द्रों के लिए स्वयं के भवन स्वीकृत किया गया है। साथ ही वित्तीय वर्ष 2023-24 में 5000 आंगनबाड़ी भवन निर्माण किये जाने लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नवीन शिक्षा नीति के अनुरूप स्कूल शिक्षा विभाग के साथ समन्वय करते हुए 5000 से अधिक आंगनबाड़ी केन्द्रों में बालवाड़ियां प्रारंभ की जा रही है।

# दलदल सिवनी में होगी अर्बन कॉटेज एंड सर्विस उक्त इण्डस्ट्रीज पार्क की स्थापना

### उद्योग स्थापना, संचालन के कार्य हेतु इच्छुक उद्यमियों से आवेदन आमंत्रित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के सीमाक्षेत्र में अर्बन कॉटेज एंड सर्विस उक्त इण्डस्ट्रीज पार्क की स्थापना में छोटे लघु कुटिर उद्योग एवं सेवा उद्योग के स्थापना और संचालन के कार्य के लिए उद्यमियों एवं संस्थाओं से जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायपुर के द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया है। युवाओं के स्वरोजगार एवं स्टार्टअप गतिविधियों के लिए इंदिरा स्मृति वन दलदल सिवनी के पास स्थित भूमि मे रोड, नाली, पानी, बिजली एवं अन्य सुविधाओं के साथ नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा औद्योगिक पार्क विकसित किया जा रहा है। जहां पर 450 वर्गमीटर के भूखंड है। इन भूखंडों में छोटे लघु कुटीर उद्योग एवं सेवा उद्योग स्थापना, संचालन के कार्य हेतु इच्छुक उद्यमियों/संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किया जाता है।



इच्छुक आवेदक आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, तृतीय तल, उद्योग भवन, रिंग रोड नंबर-1, तेलीबांधा, रायपुर में प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदनों के आधार पर भूमि का आबंटन कलेक्टर रायपुर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति द्वारा प्रथम आओ प्रथम पाओ सिद्धांत पर किया जायेगा। इसका विस्तृत विवरण, नियम शर्तें नगर निगम की वेबसाईट www.nagarnigam-raipur.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि डाउनलोड किये गये आवेदन पत्र के साथ विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन, इकाई का प्रस्तावित ले-आउट, उद्यमी, फर्म, कम्पनी, संस्था का पैन कार्ड एवं राशि 20 हजार रूपये का डिमांड ड्राफ्ट आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय होगा।

## महिलाओं की सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार ने अनेक काम किए : कांग्रेस

**रायपुर ( ए )।** किशोरियों और महिलाओं से छेड़छाड़ और दुष्कर्म के आरोपियों को सरकारी नौकरी नहीं देने की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की इस निर्णय का स्वागत करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अस्मिता बनाए रखना ही कांग्रेस सरकार की प्रथम प्राथमिकता रही है। 2018 से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महिला सुरक्षा को लेकर अनेक काम किया है जिनका परिणाम है कि भाजपा शासित डबल इंजन की सरकार की अपेक्षा छत्तीसगढ़ में महिलाएं ज्यादा सुरक्षित है। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित अपराधों की रोकथाम के लिए प्रशासनिक, व्यावहारिक और विधिक कई स्तरों पर तत्परता से काम किया है। प्रदेश के 547 थानों, चौकियों में महिला सेल की स्थापना की गई है, ताकि पीड़ित महिलाएं निःसंकोच अपनी रिपोर्ट दर्ज करा सकें।

# आरटीई के लंबित भुगतान के लिए निजी विद्यालय कर सकेंगे दावा

### वर्ष 2020-21 के लिए 21 एवं 22 सितम्बर तथा वर्ष 2021-22 के लिए 25 एवं 26 सितम्बर को दावा के लिए खुलेगा पोर्टल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) अन्तर्गत जिन विद्यालयों के द्वारा विगत वर्ष 2020-21 एवं वर्ष 2021-22 दोनो वर्षों का दावा नही किया गया है उनके लिये विभाग द्वारा आरटीई पोर्टल खोलने का निर्णय लिया गया है। वर्ष 2020-21 के लंबित भुगतान दावा के लिए 21 एवं 22 सितम्बर 2023 को तथा वर्ष 2021-22 के लंबित भुगतान दावा के लिए 25 एवं 26 सितम्बर 2023 तक पोर्टल को खोला जाएगा। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस संबंध में समस्त निजी विद्यालयों को सूचित किया गया है, ताकि वे निर्धारित तिथियों में दावा करें। संबंधित निजी विद्यालयों के दावा राशि के सत्यापन उपरांत पात्र विद्यालयों के खाते में राशि अन्तरित करने की कार्यवाही की जाएगी।




उल्लेखनीय है कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम अन्तर्गत शुल्क प्रतिपूर्ति के संबंध में छत्तीसगढ़ प्राईवेट स्कूल एसोसियेशन के द्वारा स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे को ज्ञापन सौंपा गया है, जिसमें कंडिका-5 में उल्लेख किया गया है कि, शुल्क प्रतिपूर्ति की लगभग 250 करोड़ रुपए की राशि लंबित है, जिसका भुगतान किया जाए।

प्रकरण के संबंध में वस्तुस्थिति यह है कि जिन निजी विद्यालयों का भुगतान लंबित है उनके स्वयं के द्वारा निर्धारित समय पर दावा नहीं किया गया है, या उनके द्वारा नोडल अधिकारी से सत्यापन करा कर आवश्यक दस्तावेज समय पर जिला कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किया गया है। यथा वर्ष 2020-21 में सेन्ट्रल हेड (कक्षा 1 से 8वीं) में 162 निजी विद्यालय एवं स्टेट हेड (कक्षा 9वीं से 12वीं) में 147 निजी विद्यालयों के द्वारा समय पर दावा नहीं किया गया है, जिनका भुगतान लंबित है। इसी प्रकार वर्ष 2021-22 में सेन्ट्रल हेड (कक्षा 1 से 8वीं) में 62 निजी विद्यालय एवं स्टेट हेड (कक्षा 9वीं से 12वीं) में 103 निजी विद्यालयों के द्वारा समय पर दावा नहीं किया गया है। परिणामस्वरूप उन विद्यालयों का भुगतान नहीं हुआ है।

इस कार्य हेतु विभाग द्वारा बार-बार तिथि निर्धारित किए जाने के उपरांत भी शुल्क प्रतिपूर्ति राशि की मांग नहीं की जाती है। परिणामस्वरूप आगामी वर्ष का देयक जनरेट नहीं हो पाता है एवं भुगतान लंबित होता है। जिन निजी विद्यालयों के द्वारा निर्धारित समय में दावा किया गया है उन विद्यालयों के खाते में राशि अन्तरण किया जा चुका है।

निर्धारित तिथि उपरांत किसी भी जिले के द्वारा या निजी विद्यालय के द्वारा शिक्षण शुल्क की प्रतिपूर्ति राशि की मांग की जाती है तो उसे विभाग द्वारा मान्य नहीं किया जावेगा।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

## ड्रीम गर्ल 2 ने पार किया 100 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा

आयुष्मान खुराना स्टारर फिल्म 'ड्रीम गर्ल 2' को रिलीज के पहले दिन से बॉक्स ऑफिस पर राज कर रहीं सनी देओल की 'गदर 2' और अक्षय कुमार की 'ओएमजी 2' से कड़ा मुकाबला करना पड़ा। हालांकि 'ड्रीम गर्ल 2' की पूजा की अदाओं ने भी दर्शकों के दिलों को खूब घायल किया और इसी के साथ फिल्म का मैजिक बॉक्स ऑफिस पर चल गया और इसने भी शानदार कलेक्शन कर लिया।

वहीं 7 सितंबर को शाहरुख खान की 'जवान' रिलीज होने के बाद से 'ड्रीम गर्ल 2' की कमाई पर काफी असर पड़ा है। हालांकि आयुष्मान की फिल्म ने रिलीज के 18वें दिन घटती कमाई के बावजूद एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। चलिए यहां जानते हैं 'ड्रीम गर्ल 2' ने रिलीज के 18वें दिन यानी तीसरे सोमवार को कितने करोड़ का कलेक्शन किया है।

'ड्रीम गर्ल 2' साल 2019 में आई 'ड्रीम गर्ल' का सीक्वल है। जहां पहले पार्ट में 'पूजा' ने सिर्फ अपनी आवाज से लोगों के दिलों के टेलीफोन बजाए थे, वहीं 'ड्रीम गर्ल 2' में पूजा ने सामने आकर अपने हुस्न से सभी को दीवाना बना दिया। 'ड्रीम गर्ल 2' की पूजा का दीदार करने के लिए सिनेमाघरों में भी खूब ऑडियंस पहुंची। इसी के साथ फिल्म ने जमकर कमाई भी की। वहीं अब फिल्म तीसरे हफ्ते में एंट्री कर गई है और इसने तीसरे शनिवार को 1.35 करोड़ का कलेक्शन किया था। तीसरे रविवार को फिल्म की कमाई 1.50 करोड़ रही। इसी के साथ अब 'ड्रीम गर्ल 2' की रिलीज के 18वें दिन यानी तीसरे सोमवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक 'ड्रीम गर्ल 2' ने रिलीज के 18वें दिन महज 0.75 करोड़ का कलेक्शन किया है। इसके बाद 'ड्रीम गर्ल 2' की 18 दिनों की कुल कमाई अब 100.16 करोड़ रुपये हो गई है।

# रोजाना इस्तेमाल होने वाले एयरपॉड्स को साफ और नए जैसा बनाएं

रोज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में एयरपॉड्स हमारे संगीनी बन चुके हैं। चाहे वह फोन कॉल हो, मनपसंद संगीत की धुनें सुनना हो, या ऑनलाइन बैठकों में हिस्सा लेना हो, ये छोटे से डिवाइस हर जगह हमारे साथ होते हैं। इसलिए इन्हें साफ रखना भी उतना ही जरूरी है जितना इन्हें सुरक्षित रखना। इनका रेगूलर यूज करने से ये जल्दी गंदे हो जाते हैं। ऐसे में अपने एयरपॉड्स को साफ रखना बहुत जरूरी है। बाज़ार में तरह-तरह के एयरपॉड्स क्लीनिंग सोल्यूशंस उपलब्ध हैं, लेकिन घर पर भी हम आसानी से सफाई कर सकते हैं। अगर आप चाहते हैं कि आपके एयरपॉड्स हमेशा नए जैसे बने रहें और वह अच्छे से काम करे, तो आइए जानते हैं कि कैसे हम इसे घर पर साफ कर सकते हैं।



### सॉफ्ट ब्रश से

पहली बात, एयरपॉड्स को चार्जिंग केस से बाहर निकालें। ध्यान दें कि आपके पास कोई लिक्विड न हो, जैसे पानी या अन्य लिक्विड। उसके बाद एयरपॉड्स को सॉफ्ट ब्रश से सावधानीपूर्वक साफ कर सकते हैं। मुलायम बालों वाला ब्रश से एयरपॉड्स के छिद्रों अच्छे से साफ हो जाते हैं। ध्यान दें कि आप जोर से न दबाएं और एयरपॉड्स को किसी भी प्रकार के लिक्विड से दूर रखें। अगर आपको लगता है कि उनमें पानी चला गया है, तो उन्हें सूखने दें।

### सॉफ्ट कपड़ा

एक मुलायम, अधिक गीला नहीं होना चाहिए। उस कपड़े से एयरपॉड्स को धीरे धीरे साफ करें। केस की सफाई के लिए, मुलायम और सूखा कपड़ा लें और धीरे से सफाई करें। केस के अंदर जमी धूल को साफ करने के लिए ब्रश का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### कॉटन स्वैब

कॉटन स्वैब पर थोड़ा सा आइसोप्रोपाइल अल्कोहल लगाकर एयरपॉड्स को साफ करें। इससे अच्छे से एयरपॉड्स चमक जाएंगे।

### पेंट ब्रश

एयरपॉड्स के छेदों या दरारों से गंदगी निकालने के लिए एक पेंट ब्रश का इस्तेमाल कर सकते हैं। वहीं ब्लू टेक टेप से एयरपॉड्स के मैग्नेट्स को साफ करें। वहीं चार्जिंग केस को साबुन और पानी से साफ कर सकते हैं।

# दिलजीत दोसांझ संग फिर बनी जोड़ी शहनाज गिल की जोड़ी

शहनाज गिल पिछले कुछ वक्त से अपनी आने वाली फिल्म थैंक यू फॉर कमिंग को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। करण बूलानी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 6 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। अब इस बीच शहनाज ने अपनी नई पंजाबी फिल्म रान्ना च धन्ना का ऐलान कर दिया है। इसमें उनकी जोड़ी एक बार फिर दिलजीत दोसांझ के साथ बनी है। इससे पहले दोनों फिल्म होंसला रख में साथ काम कर चुके हैं।

रान्ना च धन्ना अगले साल 2 अक्टूबर को सिनेमागरों में रिलीज होगी।शहनाज ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर फिल्म का पहला पोस्टर साझा किया है। उन्होंने इसके कैप्शन में लिखा, इश्क ने गालिब निकम्मा कर दिया वरना चीज तो हम थे काम की। फिल्म 2 अक्टूबर, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रान्ना च धन्ना का निर्देशन अमरजीत सरोन द्वारा किया जा रहा है। फिल्म में सोनम बाजवा भी मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं।



शहनाज ने फिल्म का पोस्टर शेयर किया है जिसमें सभी एक्टर्स का एनिमेशन नजर आ रहा है। दिलजीत दोसांझ किसी राजा जैसे नजर आ रहे हैं और उनके बगल में खड़ीं सोनम बाजवा और शहनाज गिल उनकी रानी लग रही हैं। उनके पीछे भी कुछ लोग महिलाएं दिख रही हैं। पोस्ट के साथ शहनाज ने कैप्शन में लिखा, इश्क ने गालिब निकम्मा कर दिया वरना चीज तो थे हम भी काम की।

शहनाज को फिलहाल इस फिल्म के लिए सोशल मीडिया पर ढेर सारी मुबारकबाद मिल रही है। एक्ट्रेस को लोग कह रहे हैं कि ये बिग बॉस की सबसे कामयाब कंटेस्टेंट्स में से एक हैं।

शहनाज गिल किसी का भाई किसी की जान के बाद और भी बॉलीवुड फिल्मों में नजर आने वाली हैं। हाल ही में भूमि पेडनेकर स्टारर फिल्म थैंक्यू फॉर कमिंग का ट्रेलर रिलीज हुआ है। इस फिल्म में भी शहनाज गिल अपनी छाप छोड़ती नजर आएंगी। इसके अलावा एक्ट्रेस एक और फिल्म में दिखाई देंगी जिसमें जॉन अब्राहम और नोरा फतेही लीड रोल मे हैं। इस फिल्म का अभी ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुआ है।

# माउथवॉश से ओरल कैंसर का रहता है खतरा, एक्सपर्ट ने बताया क्या है दोनों के बीच लिंक

**जो लोग हर रोज माउथवॉथ का इस्तेमाल करते हैं उनके लिए एक बुरी खबर है। हाल ही में एक रिसर्च सामने आई है जिसमें कहा गया है कि माउथवॉश का ज्यादा इस्तेमाल आपको ओरल कैंसर की तरफ धकेल सकता है। माउथवॉश की जगह मुंह को फ्रेश रखने के लिए अगर आप घरेलू चीजों और हर्बल चीजों का इस्तेमाल करते हैं तो वह ज्यादा फायदेमंद होता है।**



### क्या कहता है रिसर्च

रिसर्च में यह बात सामने आई है कि माउथवॉश में इथेनॉल नाम का एक खास तरह का पदार्थ होता है जो मुंह की बैक्टीरिया का साथ मिलता है तो तुरंत एसीटैल्डिहाइड में बदल जाता है। और यह ओरल कैंसर पैदा करने में सक्षम है। इसलिए हर रोज माउथवॉश का इस्तेमाल करने से बचें क्योंकि यह कैंसर के खतरे को बढ़ा सकता है। फ्रंटियर्स रिसर्च फाउंडेशन में पब्लिश एक आर्टिकल के मुताबिक एसीटैल्डिहाइड एक टॉक्सिक पदार्थ है। इस पादर्थ का लेवल अगर दिमाग में बढ़ जाए तो यह एसीटैल्डिहाइड का लेवल बढ़ाने लगता है।

### अल्कोहल वाले माउथवॉश

अल्कोहल वाले माउथवॉश हमारे मुंह में अच्छे बैक्टीरिया को भी मारता है, जो नाइट्रोजन को नाइट्रिक ऑक्साइड में बदल देता है जो हमारे दिल के लिए अच्छा होता है। माउथवॉश से कैंसर होने पर रिसर्च की कमी के बावजूद रोजाना माउथवॉश के उपयोग को लेकर हमेशा सवाल उठते रहते हैं। इसलिए अपने ओरल हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए घर पर बने नैचुरल तरीका ही सबसे बेस्ट होता है।

### नमक वाले पानी से कुल्ला

नमक का पानी मसूड़ों की जलन को शांत करने, सूजन को कम करने और बैक्टीरिया को मारने में मदद कर सकता है। एक गिलास गर्म पानी में आधा चम्मच नमक मिलाकर करने से आपके ओरल हेल्थ के लिए बेस्ट है।

### बेकिंग सोडा से कुल्ला

बेकिंग सोडा को पानी में घोलकर मुंह धोने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। यह मुंह में एसिड को बेअसर करने, प्लाक हटाने और सांसों को ताजा करने में मदद कर सकता है।

### हाइड्रोजन पेरोक्साइड कुल्ला

बैक्टीरिया को मारने और दांतों को सफेद करने के लिए पतला हाइड्रोजन पेरोक्साइड समाधान (आमतौर पर 1-2 प्रतिशत) का उपयोग माउथवॉश के रूप में किया जा सकता है। इस पानी को निगलने से बचें क्योंकि यह हाइड्रोजन पेरोक्साइड से भी ज्यादा असरदार है क्योंकि यह आपके मुंह को सूजने से पहले दांतों पर दाग भी लगा सकता है।

### नारियल तेल का इस्तेमाल

अपने मुंह में एक बड़ा चम्मच नारियल तेल डालें और उसे 15-20 मिनट के लिए घुमाते रहें। ऐसा करने से मुंह का बैक्टीरिया दूर हो जाता है। और ओरल हेल्थ में काफी ज्यादा सुधार होता है।



# मैं बिल्कुल फिल्मी शादी चाहती हूं: शफक नाज

**शफक नाज टीवी इंडस्ट्री की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेस में से एक हैं। वह महाभारत, चिड़िया घर, कुल्फी कुमार बाजेवाला जैसे कई हिट शो में अपनी शानदार परफॉर्मेंस से लाखों दिल जीत चुकी हैं। वहीं शफक की पर्सनल लाइफ की बात करें तो वे इसे सिंपल रखना पसंद करती हैं। इन सबके बीच बता दें कि शफक काफी समय से मस्कट बेस्ड बिजनेसमैन जीशान को डेट कर रही हैय कुछ महीने पहले खबरें आई थीं कि दोनों जल्द शादी के बंधन में बंध जाएंगे और मई 2023 में कोर्ट मैरिज करेंगेय हालांकि इसके फौरन बाद, एक और रिपोर्ट सुर्खियों में आने लगी कि एक्ट्रेस ने कुछ इश्यू की वजह से शादी तोड़ दी है। वहीं हाल ही में एक इंटरव्यू में शफक ने इस बारे में खुलकर बात की और ऐसे सभी दावों को खारिज कर दिया।**

हाल ही में शफक नाज ने अपने ब्रेकअप की अफवाहों के बारे में खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने कहा कि वह और उनके बॉयफ्रेंड जीशान एक दूसरे के साथ बहुत अच्छे हैं और वे अब चार साल से रिलेशनशिप में हैं। शफाक ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो हम हमेशा अच्छे थे, और यह सब इसलिए भी हो रहा था क्योंकि मेरे और मेरे पार्टनर के लिए इतने सारे लोगों को हैंडल करना और डायजेस्ट करना बहुत मुश्किल था। कोई भी नहीं चाहता कि उनकी शादी टल जाए लेकिन हम दोनों हैं अब अच्छा है, और यही मायने रखता है, शादी हम दोनों के लिए सिर्फ एक फॉर्मलिटी है और जब भी यह होगी, लोगों को पता चल जाएगा। मैं वह इंसान हूं जो बड़ी धूमधाम से इंडियन वेडिंग चाहती है और मैं एक ठेठ फिल्मी शादी चाहती हूं, सब कुछ एक्साइटमेंट और बिग फंक्शंस के साथ। मेरे दिमाग में, हम पहले से ही शादीशुदा हैं और मैं इससे खुश हूं।

शफक नाज ने अपने बॉयफ्रेंड जीशान की तारीफ की और शेयर किया कि वह उनके लिए बहुत कीमती हैं। शफक ने कहा,मुझे थोड़ा गुस्सा आता है कि यह क्या स्टेटमेंट है, जैसे कि मैंने ऐसा नहीं कहा है, उन्होंने इसे इस तरह से क्यों लिखा है और जीशान कहते हैं, यह ठीक है, इसे छोड़ दो, तुम्हें पता है कि चीजें कैसी हैं, रहने दो। वह रिश्ते में काफी शांत इंसान है, और वह बहुत हद तक ऐसा ही है, वह सुलझा हुआ है, लेकिन जब चीजों को गलत तरीके से दिखाया जाता है और मैं उन लोगों के प्रति बहुत प्रोटेक्टिव हूं जिनसे मैं प्यार करती हूं और मैं अपने बॉयफ्रेंड से प्यार करती हूं, और जब तक वे प्रभावित नहीं होते हैं मैं ठीक हूं।

# रेड ड्रेस में रकुल प्रीत सिंह ने मचाया बवाल, दिलकश अदाओं से उड़ाए फैंस के होश



बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने हाल ही में अपने लेटेस्ट लुक्स से सोशल मीडिया पर सनसनी मचा दी है। इन तस्वीरों में उनका हॉट लुक देखकर फैंस का दिल मचल गया है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो लोग उनकी फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं। एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह हमेशा अपनी बोल्डनेस और फैशन स्टेटमेंट्स के कारण फैंस के बीच लाइमलाइट में रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके हर एक लुक पर अपना दिल हार जाते हैं। हालिया फोटोशूट के दौरान रकुल प्रीत ने बेहद ही ग्लैमरस अंदाज में तस्वीरें क्लिक करवाई हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने रेड कलर की डीपनेक आउटफिट पहना हुआ है। एक्ट्रेस का बोल्ड ड्रेसिंग सेंस देखकर फैंस एक बार फिर से उनके हुस्न के दीवाने हो गए हैं। रकुल प्रीत सिंह अपनी इन फोटोज में कैमरे के सामने सिजलिंग अंदाज में पोज देते हुए नजर आ रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस अपने फैंस के साथ जुड़े रहने के लिए सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। हालांकि फैंस भी उनकी हर एक फोटोज और वीडियोज का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243



BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### स्वच्छता दीदियों के मानदेय में होगी बढ़ोतरी

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला पंचायत से संबंधित स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर में स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा किए जा रहे डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन की जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी ग्राम पंचायतों में हो रहे डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन की जानकारी स्वच्छता दीदियों से ली और उनके कार्यो की सराहना की। स्वच्छता दीदियां द्वारा रोजाना डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन का कार्य कर रही हैं। उन्होंने स्वच्छता दीदियों से डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन शुल्क लेने और स्वच्छता दीदियों का मानदेय बढ़ाने को कहा। इस दौरान कलेक्टर ने सेग्रीगेशन वर्कशेड की जानकारी ली। अब तक कचरा ईकठ्ठा करने के लिए स्थान चिन्हित कर तीनों ब्लॉकों में कुल 381 सेग्रीकेशन वर्कशेड तैयार किए जा चुके हैं। ग्राम पंचायत सचिवों ने बताया कि घर-घर कचरा एकत्रीकरण के लिए तीनों ब्लॉकों में गारबेज ट्रायसायकल 315 उपलब्ध हैं एवं 66 गारबेज ट्रायसायकल की आवश्यकता है। इस दौरान कलेक्टर ने फिकल स्लज ट्रिटमेंट प्लांट एवं प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट की स्थापना की जानकारी ली। मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्विनी देवांगन ने बताया कि ग्राम पंचायत कोलिहापुरी, लिटिया एवं पतोरा को प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट की स्थापना के लिए चयनित किया गया है।

### जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का हुआ आगाज

**दुर्ग।** जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक जिले के ग्राम पंचायत पुरई के शासकीय शाला के क्रिडा प्रांगण में आयाजित किया गया। छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विगत वर्ष की भांति छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल गतिविधियों को ग्रामीण क्षेत्र एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने, प्रतिभागियों को मंच प्रदान करने, उनमें खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और खेल भावना का विकास करने हेतु राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2023-24 का आयोजन किया गया है। जिसमें गिल्ली- डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़ , कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, बांटी, बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भौरा, 100 मीटर दौड़ एवं लम्बीकूद , कुश्ती एवं रस्सीकूद एवं तीन आयु वर्ग में 0-18, 18-40 एवं 40+ से अधिक महिला/ पुरूष आयु वर्ग प्रतिभागी भाग लेगे विकासखण्ड धमधा, पाटन, दुर्ग एवं नगरीय क्लस्टर 384×4 =1536 खिलाडी एवं 150 आफिशियल भाग ले रहे हैं। जिसमें 12 सितंबर 2023 को -18 एवं 40+ से अधिक महिला /पुरूष एवं 13 सितंबर 2023 को 18-40 आयु वर्ग के महिला / पुरूष की प्रतियोगिताएं सम्पंन होगी । आयोजन को सफल बनाने में शिक्षा विभाग, स्वास्थ विभाग, पुलिस विभाग, नगर पंचायत, नगर पालिक निगम, खेल विभाग एवं अन्य विभागो सहित प्रेस मिड़िया सहयोग रहा।

### स्वस्थ गांव की अवधारणा से टीबी से मुक्त होगा पंचायत

**कोरबा।** जिले के ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने हेतु टीबी मुक्त पंचायत हेतु पहल शुरू की गई है। जिले को टीबी से मुक्त करने के लिए निर्धारित समय सीमा 2025 में प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। पंचायती राज संस्थाओं में सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए ''स्वस्थ गावों'' की अवधारणा की परिकल्पना की गई है। इसी अवधारणा से स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र, ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं ग्राम पंचायतों के सहयोग से टीबी उन्मूलन की दिशा में प्रयास किये जा रहे हैं। अब जिला तथा राज्य शासन ''टीबी मुक्त पंचायत'' पहल के तहत पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित करने के लिए प्रयासरत हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय को सशक्त करना है जिससे कि वह टीबी संबंधित परेशानियों की भयावहता और समाधान को पहचाने और उचित संसाधनों का प्रयोग करते हुए टीबी के बढ़ते दबाव को कम कर सकें और सभी मरीजों में पुनरावृत्ति होने से रोकें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर टीबी मुक्त घोषित करने के लिए पंचायत विकास योजना में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम संबंधित गतिविधियों को शामिल करना तथा समुदाय को टीबी के लक्षणों, जांच एवं उपचार की निशुल्क व्यवस्था, शासन द्वारा टीबी रोगियों तथा ट्रीटमेंट सपोर्टर को दिए जाने वाले लाभों की जानकारी देना है। साथ ही जन आरोग्य समिति, ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठकों में टीबी मुक्त पंचायत घोषित करने की शर्तों, संकेतकों पर प्रगति की समीक्षा एवं कठिनाइयों का समाधान करने का प्रयास करना है। इसके अतिरिक्त समाज के सक्षम लोगों के द्वारा टीबी रोगियों को फूड बास्केट देने के लिए प्रेरित कर निक्षय मित्रों की संख्या में वृद्धि करना है। टीबी मुक्त पंचायत हेतु जिला, ब्लाक तथा ग्राम पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रत्येक एक हजार की जनसंख्या में 30 संभावित टीबी रोगियों की खखार जांच होना चाहिए तथा टीबी मरीजों की संख्या एक या एक से कम होना चाहिए।

# शासकीय योजनाओं के तहत इलाज के लिए अस्पतालों के इम्पैनलमेंट का बदलेगा मापदंड

## इलाज की बेहतर व्यवस्था के लिए मरीजों और डॉक्टरों के लिए लागू किया जाएगा बायोमीट्रिक सिस्टम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना और मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत अस्पतालों के इम्पैनलमेंट की पात्रता में बदलाव किया जाएगा। इन शासकीय योजनाओं के तहत इलाज के लिए रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर शहर में न्यूनतम 50 बिस्तर वाले दो वर्ष पुराने अस्पताल अनुबंध के लिए पात्र होंगे। प्रदेश के गैर-अधिसूचित विकासखंडों में न्यूनतम 30 बिस्तर और एक वर्ष पुराना तथा अधिसूचित विकासखंडों में कम से कम छह माह पुराने 15 बिस्तर वाले अस्पतालों को इम्पैनलमेंट की पात्रता होगी।**



सुपरस्पेशियालिटी अस्पतालों के इम्पैनलमेंट के लिए अलग से नए मापदंड तय किए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने आज अपने निवास कार्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, स्टेट नोडल एजेंसी और सीजीएमएससी के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में मौजूद वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ वर्तमान व्यवस्था की समीक्षा कर इसके निर्देश दिए। बैठक में शासकीय योजनाओं के तहत इलाज की सुचारू व्यवस्था, गुणवत्तापूर्ण इलाज सुनिश्चित करने तथा उपचार के क्लेम के अस्पतालों को भुगतान में तेजी लाने मरीजों और डॉक्टरों के लिए जीपीएसयुक्त बायोमीट्रिक सिस्टम लागू करने का निर्णय लिया गया। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत उपचार के लिए प्रदेश भर में अभी 1567 अस्पताल अनुबंधित हैं। इनमें 549 निजी क्षेत्र के और 1018 शासकीय अस्पताल हैं। स्वास्थ्य विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु जी. पिल्लै और चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव पी. दयानंद भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने बैठक में शासकीय योजनाओं के अंतर्गत अनुबंधित अस्पतालों द्वारा मरीजों के इलाज से मना करने या निर्धारित पैकेजों के अनुरूप उपचार नहीं करने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने इस तरह की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना और मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत अस्पतालों में विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए निर्धारित पैकेजों की विशेषज्ञ चिकित्सकों की समिति द्वारा समीक्षा कराने को कहा। उन्होंने समिति की रिपोर्ट के आधार पर सुपरस्पेशियालिटी अस्पतालों की अनुबंध के लिए पात्रता, शासकीय अस्पतालों के लिए आरक्षित पैकेजों के पुनर्निर्धारण तथा अनुबंधित निजी व शासकीय अस्पतालों में विभिन्न बीमारियों के उपचार के लिए पैकेज की दर का युक्तियुक्तकरण करने को कहा। उन्होंने स्टेट नोडल एजेंसी के अधिकारियों को शासकीय योजनाओं के अंतर्गत निजी व शासकीय अस्पतालों द्वारा किए जा रहे इलाज, क्लेम प्रकरणों, अनुबंध के लिए अस्पतालों की पात्रता और पैकेज की दर की हर छह महीने में समीक्षा करने के भी निर्देश दिए। श्री सिंहदेव ने स्टेट नोडल एजेसी को अस्पतालों को इलाज की क्लेम राशि के भुगतान की थर्ड पार्टी ऑडिट के लिए एजेंसी तय करने दोबारा निविदा जारी करने को कहा। उन्होंने एजेंसी तय होने तक स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों के माध्यम से इसकी नियमित ऑडिट की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत उपचार के लिए राशि की स्वीकृति प्रक्रिया में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए गठित विभिन्न समितियों को रोज प्राथमिकता से काम करने को कहा।

उप मुख्यमंत्री श्री सिंहदेव ने बैठक में शासकीय मेडिकल कॉलेजों में मेडिकल उपकरणों की खरीदी, उनकी स्थापना और निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

# बस्तर अंचल के विकास में प्राधिकरण ने नए आयाम किए स्थापित - लखेश्वर बघेल




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** बस्तर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री लखेश्वर बघेल ने कहा कि संभाग के सभी जिलों में मुख्यमंत्री की घोषणाओं, वनाधिकार मान्यता पत्र देवगुड़ियों को सामुदायिक वनाधिकार मान्यता पत्र देने में बहुत अच्छा कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और प्राधिकरण के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका के फलस्वरूप बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण ने विगत साढ़े 4 वर्षों के दौरान बस्तर के विकास में नये आयाम स्थापित किया है। बविप्रा अध्यक्ष श्री बघेल सोमवार को नारायणपुर जिले के जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा ने कहा कि सभी जिलों के कलेक्टर ने प्राधिकरण के अनुशंसित कार्यों को बेहतर ढंग से सम्पादित कर महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने देवगुड़ी, घोटुल निर्माण सहित उचित मूल्य दुकान, आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण, सामाजिक भवन निर्माण कार्यों को जल्द पूर्ण करने पर बल देते हुए कहा कि बस्तर की जनता के हित में शासन की प्राथमिकता वाली सभी योजनाओं का क्रियान्वयन धरातल में स्पष्ट परिलक्षित होनी चाहिए।

इस दौरान आदिम जाति कल्याण मंत्री मोहन मरकाम ने कहा कि प्राधिकरण के निर्णयों और कार्यों को समय पर क्रियान्वयन करने के साथ ही राज्य सरकार की योजनाओं से समाज के अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित किये जाने के लिए संवेदनशीलता के साथ प्रयास किया जाये।

उन्होंने बारिश के बाद सड़क निर्माण तथा सड़क मरम्मत कार्यो को प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किये जाने कहा। बैठक को बस्तर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी और संतराम नेताम ने भी संबोधित कर विकास कार्यों में गति देने और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर जोर दिया।

# भीड़ नहीं जुटी इसलिए शाह परिवर्तन यात्रा शुरू करने नहीं आये - कांग्रेस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा की तथाकथित परिवर्तन यात्रा को जनता ने शुरू होने के पहले ही नकार दिया। भीड़ नहीं जुटी इसलिये अमित शाह परिवर्तन यात्रा में बस्तर नहीं आये। अमित शाह के कार्यक्रम में पहले भी भीड़ नहीं जुटी थी। उनके द्वारा आरोप पत्र लांच के कार्यक्रम में दो तीन सौ लोग भी इकट्ठा नहीं हो पाये।

सराईपाली में भी अमित शाह की सभा में भीड़ नहीं जुटी थी तो भाजपा को उड़ीसा से लोगों को ढोकर लाना पड़ा था। जब ओम माथुर भाजपा के परिवर्तन रथ की पूजा कर रहे थे तो कोई भी भाजपा का स्थानीय नेता नहीं था। यह बताता है कि भाजपा की परिवर्तन यात्रा को जनता के साथ भाजपा के कार्यकर्ताओं का भी समर्थन नहीं मिल रहा है। कार्यक्रम में भीड़ नहीं आने के कारण नाराज अमित शाह ने ओम माथुर, रमन सिंह, अरूण साव को फटकार लगाने दिल्ली बुलाया है।

कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के हालात में परिवर्तन लाने 2013 में तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार पटेल के नेतृत्व में परिवर्तन यात्रा निकाली थी जिस परिवर्तन यात्रा पर भाजपा की तत्कालीन रमन सरकार ने आपराधिक राजनैतिक षड़यंत्र कर सुरक्षा हटा कर हमला करवाया था और 25 मई 2013 को कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर हुये हमले के कारण कांग्रेस के प्रथम पंक्ति के नेताओं सहित 31 लोग शहीद हुये थे।

भाजपा भी कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा की बेशर्मीपूर्वक नकल करके परिवर्तन यात्रा निकाल रही है। छत्तीसगढ़ में 15 सालों के कुशासन, भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी के भाजपा के राज में परिवर्तन हो चुका है। भाजपा किस चीज में परिवर्तन के लिये यात्रा निकाल रही है, छत्तीसगढ़ में तो हालात भाजपा की सरकार की विदाई के बाद ही परिवर्तन हो चुके है। परिवर्तन आ गया है तभी तो 15 सालों तक छत्तीसगढ़ की अस्मिता को भूलने वाली भाजपा अपने तथाकथित परिर्वतन रथ में छत्तीसगढ़ महतारी की फोटो लगाने को मजबूर हुई है। रमन राज में किसानों को उनकी उपज की पूरी कीमत नहीं मिलती थी परिवर्तन हो गया अब कांग्रेस सरकार के राज में किसान 2640 रू. प्रति क्विंटल प्राप्त कर रहा है।

# प्रगति यात्रा : तीन वार्ड में घूमे विधायक देवेन्द्र यादव सेक्टर 6 वासियों को मिली बैडमिंटन कोर्ट की सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लगातार प्रगति यात्रा निकाल रहे हैं। सेक्टर 6 में जब प्रगति यात्रा निकाली गई तो विधायक देवेंद्र यादव ने यहां विकास की गंगा बहा दी। 10-10 लाख की लागत से बने तीन बैडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण किया। इसके अलावा पीएनटी कॉलोनी बम्लेश्वरी मंदिर में डोम शेड निर्माण का भूमिपूजन किया गया। एलआईसी कॉलोनी में सड़क निर्माण 10 लाख की लागत से की जाएगी।



रूई मार्केट में वाटर एटीएम लगाए जाने की मांग की गई। सड़क 24 गार्डन का निरीक्षण किया गया। सड़क 13 पेवर ब्लॉक लगाने का काम 10 लाख की लागत से किया जाएगा। जिसका ?भूमिपूजन किया गया। इस तरह विधायक देवेंद्र यादव ने अपने प्र?गति यात्रा में क्षेत्र की जनता को विकास कार्यों की सौगात देते जा रहे हैं। विधायक देवेन्द्र यादव ने सुबह 9 बजे से सेक्टर 6 में प्रगति यात्रा की शुरूआत की। इस दौरान वे लगातार लोगों से मिलते गए। उनसे भेंट मुलाकात की। सब भी घर पहुंच कर हालाचाल जाना। सभी की समस्याओं को दूर करने उनकी मांगों पर पहल की। एसबीआई कालोनी के पीछे गोंड़ बस्ती में लोगों के साथ चाय पीए और चाय पर चर्चा की। इसके बाद सी मार्केट ललई होटल के मालिक के घर पहुंचे। कुछ दिनों पहले उनका निधन हो गया था। उनके परिवार से मिलकर ढांढस बधाया, इस दुख की घड़ी में उनका साथ देने और दुख बांटने पहुंचे। इस दौरान वे मां बम्लेश्वरी मंदिर पहुंच। जहां माता को प्रमाण कर पूजा अर्चना की। इसी प्रकार प्रगति यात्रा करते हुए विधायक श्री यादव सेक्टर 6 गुरूद्वारा पहुंचा जहां उन्होंन मत्था टेका और भिलाई की भलाई के लिए रब से प्रार्थना की।

सड़क 10 गणेश मंच का निरीक्षण किए। सी मार्केट शिव मंदिर मंच निर्माण 3 लाख की लागत से किया गया। इसके बाद एवेन्यु ई में बैडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण किया गया। 10 लाख की लागत से इसे बनाया गया है। सड़क 35 बैडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण उद्यान में किया गया। एवेन्यु ए में बैडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण किया। एमजीएम स्कूल के पास वाटर एटीएम के बाजू में लोकार्पण किया गया। ए मार्केट शिव शिक्ति धाम का निरीक्षण किए। सड़क 53 बोरिया में दौरा एवं नाली पुलिया निर्माण की मांग पर भूमिपूजन और घोषणा की गई। महेश्वरी भवन में डोमशेड लोकार्पण किया गया।

सी मार्केट में व्यापारी संघ के साथ बैठक हुई। व्यापारियों ने मार्केट क्षेत्र में ग्राहकों के लिए सुविधा उपलब्ध कराने, पानी से लेकर शौचालय बनवाने के लिए विधायक का धन्यवाद किए। सांई मंदिर के सामने फुल मार्केट में दुर्गा मंच की मांग पर घोषणा की गई। सी मार्केट में नाले के किनारे दुर्गा मंच में शेड की घोषणा कर भूमिपूजन किया गया। सी मार्केट में नल जल योजना की घोषणा की गई।

# किसानों को सशक्त और मजबूत बनाने भूपेश सरकार ने काम किया-मंत्री अकबर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा।** प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर अपने एक दिवसीय कबीरधाम प्रवास के दौरान बोड़ला विकासखंड के वनांचल ग्राम सिंघारी और बैजलपुर में आयोजित भेंट मुलाकात कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए किसानों, ग्रामीणों, भूमिहीन श्रमिक मजदूरों, महिलाओं से सीधा संवाद किया और गांव तथा क्षेत्र विकास की दिशा में ग्रामीणों से सुझाव भी मांगे। उन्होंने राज्य सरकार की फ्लैगशीप योजनाओं का फीडबैक भी लिया।




इस असवर पर कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष चोवाराम साहू, पितांबर वर्मा, जिला पंचायत सदस्य मुखीराम मरकाम, बोड़ला जनपद उपाध्यक्ष सनत जायसवाल सहित क्षेत्रिय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले वर्ष सरकार ने 1 करोड़ 10 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की है। इस वर्ष इससे भी ज्यादा धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। किसानों को उनके उपज का सही दाम दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के हर वर्ग के लिए राशन कार्ड बनाया जा रहा है। सभी को खाद्यान वितरण भी किया जा रहा है। खाद्यान्न प्राप्त करने का अधिकार सभी को है। उन्होंने किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने विधानसभा के दौरान धान विक्रय की सीमा प्रति एकड़ 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल करने की घोषणा की है, इसका सीधा लाभ प्रदेश के किसानों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की न्याय योजनाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है और इससे प्रदेश के सभी वर्गों में समृध्दि और खुशहाली आई है। कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में न्याय योजनाओं के माध्यम से किसानों, पशुपालकों और खेतिहर मजदूरों को आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से करोड़ों रुपए की राशि लोगों की जेब में डाली गई है। जिसके कारण खेत-खलिहानों से लेकर उद्योगों तथा बाजारों में खुशहाली है। उन्होंने बताया कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत सभी खरीफ फसलों उद्यानिकी, वृक्षारोपण, कोदो, कुटकी, रागी फसल लेने वाले किसानों को इनपुट सब्सिडी दी जा रही है। मंत्री श्री अकबर ने बताया कि राज्य के किसानों पर बकाया कृषि ऋण और सिंचाई कर माफ किया गया है। साथ ही किसानों के लिए मुफ्त और रियायती दरों पर बिजली देकर बड़ी राहत दी गई है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय, माना कैम्प में राष्ट्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन

**रायपुर।** जिले के माना कैम्प स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में राष्ट्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 13 सितम्बर तक किया जा रहा है। नवोदय विद्यालय समिति द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन 11 सितम्बर को रायपुर लोकसभा सांसद सुनील सोनी द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में समिति के 8 क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल, चंडीगढ़, हैदराबाद, लखनऊ, जयपुर, पुणे, पटना, और शिलांग की टीम के कुल 240 चयनित खिलाड़ी शामिल हैं। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के एन.सी.सी. कैडैट के द्वारा बैंड के साथ किया। सांसद सोनी द्वारा खेल ध्वज का आरोहण किया गया इसके बाद प्रतिभागियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। विद्यालय की खेल कप्तान एवं एसजीएफआई खिलाड़ी कुमारी दीक्षा तांडी ने 8 संभाग के प्रतिभागियों को खेल भावना खेलने हेतु शपथ दिलाई।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किड्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts● Toys● Cosmetics Perfumes● Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# दूसरी के चक्कर में पत्नी से विवाद, प्रेमिका भी करने लगी ब्लैकमेल, शख्स ने कर दी प्रेमिका की हत्या

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** उतई थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शुरुआती जांच में हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। 12 घंटों के भीतर की पुलिस ने कातिल तक पहुंच गई। दरअसल हत्यारा कोई और नहीं बल्कि उसका प्रेमी ही निकला। शादीशुदा शख्स की पत्नी को इसके आरोपी के प्रेम संबंध का पता चला तो वह मायके चली गई और इधर प्रेमिका भी ब्लैकमेल करने लगी। तंग आकर सोमवार की रात को हत्या कर शव को फेंक कर चला गया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।



मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह उतई पुलिस को सूचना मिली कि एक अज्ञात महिला का शव करगाडीह महुआरी भाठा के पास पडा हुआ है। सूचना के बाद उतई पुलिस घटना स्थल पहुंची। शव की तस्दीक कराने पर उसकी पहचान जमुना बाई गोस्वामी निवासी बाबा पारा आदर्ष नगर उतई के रूप में हुई। जांच के दौरान परिजनों से एवं आसपास के लोगो से पूछताछ करने पर पता चला कि जमुना बाई का प्रेम प्रसंग विगत दो वर्षों से मेशन ठेकेदारी का काम करने वाले पुरई निवासी यशवंत साहू से चल रहा था। घटना के बाद वह भी गांव से फरार था।

इसके बाद पुलिस ने यशवंत साहू की तलाश की और जल्द ही पुलिस को सफलता मिल गई। पुलिस की पकड़ में आने के बाद यशवंत साहू ने सारी सच्चाई बताई। आरोपी ने बताया कि जमुना बाई गोस्वामी से करीब 3-4 साल पहले परिचय हुआ था। वह उसके साथ ही करीब 2 साल से लगातार मजदूरी काम करती थी इसी बीच हम दोनों के बीच प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। दोनों एक दूसरे से मिलने लगे और अक्सर मोबाइल पर भी बातचीत होने लगी।

### पत्नी को पता चला तो शुरू हुआ विवाद

दोनों के प्रेम प्रसंग की जानकारी यशवंत की पत्नी दामिनी साहू को हो गई। इसके बाद दोनों में विवाद शुरू हो गया। इसके बाद से दामिनी साहू अपने पति से नराज रहने लगी। इस बीच दामिनी ने जमुना बाई को ग्राम पुरई में काम करने के दौरान समझाइश भी दी थी। इसके बाद भी कुछ नहीं बदला तो दामिनी ने अपने पति को यशवंत को छोड़कर करीब 4-5 माह पूर्व अपने मायके चली गई। पत्नी के मायके जाने से यशवंत काफी परेशान रहने लगा।

### परेशान होकर बनाया हत्या का प्लान

इधर पत्नी के मायके जाने से परेशान यशवंत को जमुनाबाई ब्लैकमेल करने लगी। बार बार फोन करके मिलने कहती और खर्च के लिए पैसा भी मांगती थी। इससे परेशान होकर यशवंत ने जमुना बाई की हत्या का प्लान बनाया। इसके बाद सुपर सिक्सर कंपनी का नया ब्लेड अपने पर्स में रखा। इस बीच जमुना बाई ने फोनकर मिलने बुलाया। सोमवार को शाम करीब 7 बजे यशवंत महुआरी भाठा करगाडीह मिल के पीछे जमुना से मिलने पहुंचा। जमुना बाई वंही खेत के मेड में बैठी थी। मिलने के बाद उसने यशवंत से खर्च के लिए 4000 रुपए मांगे।

यशवंत ने रुपए नहीं होने की बात की तो दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। पहले से हत्या का मन बनाकर पहुंचे यशवंत ने जमुना बाई के गमछा से उसका गला दबा घोंट दिया। इस दौरान उसने बचने की कोशिश की लेकिन गला दबाने से बेहोश होकर नीचे गिर गई। इसके बाद यशवतं उसे खींचकर मेड के नीचे ले गया ब्लेड उसके गले में कई वार किए जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद घर पहुंचकर सो गया। पुलिस ने आरोपी के बयान के बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस पूरी कार्रवाई में उक्त समस्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल देव पाण्डेय, एसआई पुरूषोत्तम कुर्रे, एएसआई मनहोहन साहू, नेमन सिंह साहू, मो शरीफुद्दीन शेख, राजकुमार देषमुख, प्रधान आरक्षक हेमंत चंदेल, भिष्म नारायण साहू , आरक्षक विजय कुर्रे, दुष्यंत लहरे, जगेन्द्र साहू, चुम्मन हरी नेताम, एसीसीयू के एएसआई चंद्रशेखर सोनी, प्रधान आरक्षक रोमन सोनवानी, सगीर खान, आरक्षक राजकुमार चंद्रा, मेघराज चेलक, अश्वनी यदु, अजय ढीमर की सराहनीय भूमिका रही।

## खास-खबर



### बॉर्डर चेकपोस्ट पर पुलिस का जांच अभियान, वाहन की तलाशी में भारी मात्रा में नगदी बरामद, दो हिरासत में

**महासमुंद (ए)।** छत्तीसगढ़ में होने वाले चुनाव के मद्देनजर वाहन चेकिंग के दौरान महासमुंद जिले के सिंघोड़ा पुलिस व साइबर सेल की टीम ने अंतरराज्यीय चेक पोस्ट रेहटीखोल के पास एक कार से 30.80 लाख रुपये नकद पकड़ा है। पुलिस ने नकदी रकम परिवहन कर रहे दो लोगों को हिरासत में लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस छत्तीसगढ़-ओड़िशा बॉर्डर के रेहटीखोल चेकपोस्ट पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बरगढ़ ओड़िशा की ओर से आ रही मारुति वैगन आर को रोका जिसमें दो व्यक्ति सवार थे। पुलिस की पूछताछ में उन्होंने अपना नाम-पता पंजाब टॉयर के पीछे मौदहापारा रायपुर निवासी शेख कासीम (35) और मकान नंबर 575, वार्ड 37 राधा कृष्ण मंदिर के पास समता कॉलोनी रामसागर पारा आजाद चौक निवासी आलोक कुमार अग्रवाल (42) बताया। पुलिस ने जब उक्त व्यक्तियों से पूछताछ की तो उन्होंने गोलमोल जवाब दिया। पुलिस ने आलोक अग्रवाल के पास रखे थैले की जांच की तो उसमें 500 के 60 बंडल प्रत्येक बंडल में 100-100 के कुल 30 लाख रुपये, 200 के दो बंडल कुल 40 हजार रुपये 100 से दो बंडल 20 हजार रुपये, 500 रुपये के 21 नोट कुल 10500 रुपये, 200 रुपये 21 नोट 4200 नोट और 100 के 53 नोट कुल 5300 रुपये सभी नकदी 30.80 लाख रुपये बरामद किए। उक्त नकदी रकम के संबंध में पुलिस ने जब पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि संबलपुर ओड़िशा से धागा व रंग की बिक्री की राशि रायपुर ले जा रहे हैं। पुलिस को उक्त व्यक्तियों के पास से रकम के संबंध में कोई वैध कागज नहीं मिला। जिसके बाद पुलिस ने मामले में सीआरपीसी के तहत कार्रवाई की है।

### घटारानी में युवती से गैंगरेप, दो गिरफ्तार

**गरियाबंद (ए)।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद के प्रसिद्ध घटारानी के जंगल में युवती के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। बता दें कि घटारानी के जंगल में आरोपितों ने युवती को डरा धमका कर गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया था। ये पूरा मामला फिंगेश्वर थाना का है। थाना में रिपोर्ट दर्ज होते ही फिंगेश्वर पुलिस दोनों आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार युवती गरियाबंद जिले की ही रहने वाली है जो अपने दोस्त के साथ घटारानी घूमने आई थी। तभी छुईहा के महेंद्र सिन्हा और जोगिडिपा के राजू यादव युवती के दोस्त से मारपीट की थी। इसके साथ ही युवती से लूटपाट किया था और डरा-धमका कर जंगल में गैंगरेप के वारदात को अंजाम दिया था। पीड़ित युवती ने फिंगेश्वर थाने में इस वारदात की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपित की तलाश कर दोनों गिरफ्तार कर लिया।

### नाबालिग छात्राओं का दैहिक शोषण, हॉस्टल संचालक अरेस्ट

**गरियाबंद (ए)।** गरियाबंद जिला से बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां एक निजी हॉस्टल में रहने वाली नाबालिग छात्राओं के साथ दैहिक शोषण किये जाने का गंभीर आरोप लगा है। हॉस्टल में रहने वाली छात्राओं ने हॉस्टल के संचालकर पर अश्लीलता और दैहिक शोषण के आरोप लगाए हैं। इस पूरे मामले पर जहां एबीवीपी ने मोर्चा खोल दिया है, वही पुलिस अधिकारियों ने तत्काल मामले को संज्ञान में लेकर हॉस्टल के संचालक को अरेस्ट कर लिया है। पुलिस के मुताबिक ये घटना गरियाबंद के छुरा थाना क्षेत्र का है। यहां निजी हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करने वाली छात्राओं ने आरोप लगाया कि हॉस्टल अधीक्षक यहां मौजूद नाबालिग छात्राओं से अश्लील हरकत करता है।

# जशपुर में शिक्षिका से सामूहिक दुष्कर्म का मुख्य आरोपी बिहार के बेगूसराय से गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुरनगर।** सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी के मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सद्दाम खान दुष्कर्म के बाद अपने साथी के साथ फरार हो गया था। आरोपी बिहार के बेगुसराय में अपने रिश्तेदार के यहां छिपा हुआ था।

एएसपी संदीप मित्तल ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए डीएसपी राजेश देवांगन के नेतृत्व में दो टीम गठित की गई थी। साथ ही आसपास के थानो में भी आरोपितो की जानकारी भेजकर मदद ली जा रही है। आरोपित के मिले लोकेशन के आधार पर घर में पुलिस टीम ने छापा मारा। पुलिस को देखकर आरोपित सद्दाम ने भागने प्रयास किया। लेकिन पुलिस की घेरा बंदी तोड़ने ने सफल नहीं हो सका ।

आरोपी सद्दाम खान को ट्रांजिट रिमांड में भेज दिया गया। उल्लेखनीय है कि 4 सितंबर को आरोपी सद्दाम खान, इम्तियाज अंसारी और पीड़िता जशपुर के दनगरी वाटरफॉल में घूमने पहुंचे थे। इस दौरान सुनसान जगह का फायदा उठाकर दोनों आरोपित पीड़िता से छेड़छाड़ करने लगे। पीड़िता ने जब इसका विरोध किया तो आरोपितो ने मारपीट कर सामूहिक दुष्कर्म किया और उसे को जंगल



में ही छोड़कर मोटरसाइकिल से फरार हो गए थे। घटना के बाद आरोपितो ने अपना मोबाइल बंद कर दिया था।

सभी थानों में आरोपियों की फोटो भेजकर पता साजी की जा रही थी। एएसपी मित्तल ने बताया कि मुख्य आरोपी सद्दाम खान और उनके साथी इम्तियाज अंसारी उर्फ सोनू के खिलाफ बगीचा थाने में धारा 294, 506,323 व 376 के तहत मामला दर्ज है।

### एक आरोपी अभी भी फरार, बार बार बदल रहा था लोकेशन

पुलिस ने बताया कि घटना के बाद दोनो आरोपी ने अपना मोबाइल बंद कर दिया था। लेकिन अपने साथियों व रिश्तेदारों के संपर्क में था। मामले में पुलिस ने आरोपी के रिश्तेदारों से पूछताछ की थी। तो परिजनों ने बात नहीं होने की बात कही थी। इसी दौरान पुलिस को आरोपी का इनपुट मिला। जहां पुलिस ने बेगुसराय के एक घर में दबिश देकर आरोपी को पकड़ा। एसडीओपी संदीप मित्तल ने बताया कि अभी भी दूसरा आरोपी फरार है। आरोपी का लोकशन मिला है। वह बार- बार लोकेशन बदल रहा है। जल्द ही दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीम आरोपी को ढूंढने में लगी हुई है।

### दोनो आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म व दहेज प्रताड़ना का दर्ज है मामला

पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी सद्दाम खान बलरामपुर जिले के कांग्रेस आईटीसेल का उपाध्यक्ष है। उनके खिलाफ उनकी पत्नी ने शंकरगढ़ थाने में दहेज प्रताड़ना का केस कराया है। वही दूसरा आरोपी इम्तियाज अंसारी के खिलाफ भी शंकरगढ़ थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज है। सद्दाम की पत्नी ने ही उनके खिलाफ केस किया था। आरोपी 4 महीने की सजा काटने के बाद जेल से बेल पर बाहर आया था। और दूसरी बार दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। आरोपी के खिलाफ धारा 450, 376,(2),(ढ) के तहत मामला दर्ज है।

# मेडिकल कॉलेज से फरार हुए हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कोरबा की पुलिस ने हत्या के उस आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जो मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल से पुलिस कर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया था। घटना के एक घंटे के भीतर ही पुलिस ने रजगामार मार्ग पर घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। आरोपी के पकड़े जाने से पुलिस ने भी राहत की सांस ली है।

छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल में दाखिल हत्या का एक आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। हालांकि, दो घंटे के बाद ही पुलिस ने उसे रजगामार मार्ग में घेराबंदी कर पकड़ लिया। जिससे सभी ने राहत की सांस ली है। बालको थाना क्षेत्र के ग्राम गहनिया खेतार में अमर सिंह मांझी ने अपने तीन वर्षीय पुत्र की

### तीन साल के बेटे का रेत दिया था गला



गला रेतकर हत्या कर दी थी। जिसके बाद उसने खुद भी अपना गला काटकर खुदकुशी करने का प्रयास किया था जिसमें विफल होने के बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। इस दौरान आरोपी पुलिस कर्मियों की आंखो में धूल झोंककर मौके से फरार हो गया था। जिसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। उच्च अधिकारियों की इसकी सूचना दी गई। जहां घेराबंदी कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई। इस दौरान घटना के 2 घंटे बाद आरोपी रजगामार रोड पर बस स्टॉप पर खड़ा हुआ था। मुखबिर की सूचना पर आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा और जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया।

# वाहनों की जांच में पुलिस को मिली बड़ी सफलता, दो करोड़ के जेवर जब्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी जिलों में पुलिस अलर्ट मोड पर है। इस दौरान चेकपोस्ट बनाकर लगातार वाहनों की जांच की जा रही है। इसी कड़ी में जांजगीर चांपा जिले में पुलिस को वाहनों की जांच के दौरान भारी मात्रा में सोने व चांदी के जेवर मिले हैं। इन जेवरों लाने वाले शख्स द्वारा इनके संबंध में किसी प्रकार का वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं सका है। पुलिस ने पूरे जेवर जब्त कर लिए है।

मिली जानकारी के अनुसार चांपा क्षेत्र के कोरबा रोड और हथनेवरा के पास नेशनल हाईवे में नाकाबंदी कर आने जाने वाले वाहनों को सघन चेकिंग अभियान चलाया। वाहन चेकिंग के दौरान चांपा पुलिस ने करीब पौने दो करोड़ के जेवर मिले हैं। चेकिंग के दौरान पुराना कॉलेज



रोड चांपा निवासी शंकरलाल सोनी की चार पहिया गाड़ी में 509 ग्राम सोने का जेवर और 32.643 किलो चांदी मिला।

इसी तरह स्टेशन रोड चांपा निवासी सौरभ कुमार सराफ के चार पहिया वाहन से 1.812 किलो सोना और 43 किलो 572 ग्राम चांदी के जेवर मिले। दोनों वाहनों से मिले जेवरों की कीमत 1 करोड़ 80 लाख 17 हजार 960 रुपए बताई जा रही है। उक्त जेवर के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर पुलिस ने धारा 102 के तहत सोने चांदी के जेवरों को जब्त कर लिया है।

## छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग, सामान्य वनमण्डल दुर्ग

### नीलाम की सूचना

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि दुर्ग वनमण्डल के अधिनस्थ शासकीय उपभोक्ता डिपो पुलगांव, पाटन, अण्डा, वन परिसर कुम्हारी, बेमेतरा, साजा, बेरला एवं अन्य डिपो में संग्रहित ईमारती, जलाऊ काष्ठ का दिनांक 15.09.2023 को नीलाम द्वारा निर्वतन किया जायेगा. नीलाम में रखे जाने वाले अनुमानित मात्राः-

| * नीलाम तिथि- 15.09.2023 | *स्थान- पुलगांव डिपो | * समय- प्रातः 9.00 बजे |
|---|---|---|

नया काष्ठ/जलाऊ चट्टा

| परिक्षेत्र | डिपो | प्रजाति | लट्ठा घ.मी. | चिरान घ.मी. | बल्ली/डे. नग | जलाऊ चट्टा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दुर्ग | पुलगांव | सागौन लट्ठा/बल्ली/डेंगरी | 22.659 | - | 77/77 | - |
| -''- | -''- | मिश्रित लट्ठा | 2.405 | - | - | - |
| साजा | बेरला | सागौन लट्ठा | 0.166 | - | - | - |
| -''- | -''- | खम्हार/कहुआ लट्ठा | 1.505 | - | - | - |
| बेमेतरा | बेमेतरा | अर्जुन जलाऊ | - | - | - | 1 |
| | | योगः- | 26.535 | | 77/77 | 1 |

अविक्रित काष्ठ/जलाऊ चट्टा

| परिक्षेत्र | डिपो | प्रजाति | लट्ठा (घ.मी.) | चिरान (घ.मी.) | ब./डे. नग | जलाऊ च. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दुर्ग | पुलगांव | सागौन लट्ठा/बल्ली/डेंगरी | 98.459 | - | 70 | - |
| -''- | -''- | मिश्रित लट्ठा/मि. जलाऊ | 25.689 | - | - | 9 |
| -''- | पाटन | कहुआ, साल, लट्ठा, चिरान/ज. | 6.984 | 3.671 | - | 27 |
| -''- | अण्डा | नीलगिरी, बबूल मि. लट्ठा/मि.ज. | 19.217 | - | - | 11 |
| धमधा | वन परि. | कु. सागौन लट्ठा/ डेंगरी/मि. ज. | 17.188 | - | 22 | 1/2 |
| | -''- | नीम लट्ठा/अन्य चिरान | 4.793 | 1.256 | - | - |
| साजा | बेरला डिपो | कहुआ चिरान | - | 0.197 | - | - |
| -''- | साजा डिपो | कहुआ महानीम लट्ठा/ज. | 2.089 | - | - | 1 |
| बेमेतरा | बेमेतरा, नांदघाट | अर्जुन, लट्ठा/साजा, मि. बल्ली | 4.243 | - | 347 | - |
| | | योगः- | 178.662 | 5.124 | 417/22 | 48 1/2 |

टीपः- (1) सफल क्रेताओं को अपना पूर्ण पता एवं फोन नंबर/ मोबाइल नंबर ई.एम.डी. अधिकारी के पास आवश्यक रुप से अंकित करावें.
(2) ई.एम.डी. हेतु नगद राशि के साथ मल्टी सिटी चेक भी स्वीकृत किये जावेंगे, जो बैंक से क्लीयर होने के पश्चात् ही मान्य होंगे.
(3) वर्ष 2022 एवं 2023 का व्यापारी पंजीयन प्रस्तुत करना अनिवार्य है.
(4) पैन कार्ड एवं जी.एस.टी. (GST) पंजीयन, टीन नं. की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है.

वनमण्डलाधिकारी
दुर्ग वनमण्डल, दुर्ग (छ.ग.)

जी-05240/6

Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950